ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 22 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-246 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

विद्या बालन की फिल्म 'नीयत' का टीजर... पेज 10 पर



पंचायती राज, राजस्व, वित्त एवं खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत

## 2,550 पद हेतु नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज तथा संसदीय कार्य विभाग

**डॉ. रामेश्वर उराँव**
माननीय मंत्री, योजना एवं विकास, वित्त, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

### नियुक्तियों का विवरण -

पंचायती राज विभाग अंतर्गत
**1,633 पंचायत सचिव**

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत
**707 निम्न वर्गीय लिपिक**

वित्त विभाग अंतर्गत
**166 निम्न वर्गीय लिपिक**

खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत
**44 निम्न वर्गीय लिपिक**



**दिनांक : 22 जून, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे**
**स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 300591 (IPRD) 2023-24

# व्यापक पैमाने पर मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## महाविद्यालय में योगाभ्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के आदेशानुसार बुधवार को सुबह 6 बजे से मजदूर किसान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार की अध्यक्षता एवं आई0क्यु0ए0सी0 सेल के समन्वयक राजीव रंजन के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला के परिसर में योगा डे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव डॉ. बिंदेश्वर सिंह, दानदाता सदस्य साधु मांझी, लालजीत प्रजापति , संकेटेश्वर सिंह कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।



**मोहम्मदगंज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बुधवार को भजनिया गांव स्थित देवीधाम मंदिर प्रांगण में पतंजलि योगपीठ के द्वारा योग महोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। इस मौके पर योग शिक्षक कामता मेहता ने बताया कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता है। मौके परयोग शिविर में जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह,प्रदेश भाजपा नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह,भाजपा नेता सी बी रमण सिंह,नर्वदेश्वर सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।



**हरिहरगंज।** विश्व योग दिवस पर हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को आयुष ग्राम अररूआ कला के आयुष चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में सरकारी कर्मियों, समाजसेवियों तथा प्रबुद्ध लोगों ने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास में नवीन कुमार दुबे, बबलू सिंह, विजय प्रजापति, हरिद्वार प्रसाद, कृष्ण साव, अजय राय, ओरेंद्र यादव, गोपाल शरण राणा, डॉ राजकुमार प्रसाद, आर्यन कुमार, शौर्य कुमार सहित काफी संख्या में लोग भाग लिया।



**हुसैनाबाद।** बुधवार को पतंजलि योग पीठ के तत्वाधान में कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में हुसैनाबाद वासियों ने योग करके योग दिवस मनाया। पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रशिक्षित किरण गुप्ता ने सभी को भारत सरकार आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल तहत प्रसारित योगा कराया।कर्नल संजय ने कहा कि योग स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है और मानसिक तनाव को दूर करता है। इसलिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करना अति आवश्यक है। आज के इस आयोजन में मनोज शर्मा,रवि सिंह,डबल सिंह,गणेश प्रजापति, पप्पू सिंह अखिलेश सिंह,सोना देवी,पूजा कुमारी,सुधा देवी,मीरा देवी,सरोज देवी,दया देवी, कौशल्या देवी सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



**पाटन।** नौवे अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार के नेतृत्व में किशनपुर हाई स्कूल के मैदान में योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता, महिलाएं, बच्चियां नौजवान शामिल थे। योगाभ्यास में पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह,जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, अर्जुन पलामू के पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार उपस्थित थे।



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत रामबांध पंचायत के कोसिआरा गांव स्थित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें शिक्षकों के साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी योगाभ्यास किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक कामाख्या नारायण सिंह , प्रबंधक शुभम सिंह , शिक्षिका ज्योति श्रीवास्तव , प्रिया सिंह , अन्नपूर्णा देवी व कुमारी सुरुचि भी शामिल थे। प्रबंधक शुभम कुमार सिंह ने कहा की स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, योग करने से तन-मन स्वस्थ और निरोग रहता है।प्रधानाध्यापक कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि योग करने से मानव के अंदर सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं। योग सभी के लिए लाभदायक है। इसे दिनचर्या में शामिल किया जाना चाहिए। इससे भारत को पूरे विश्व में एक नई पहचान भी मिली है।

## NEWS इन ब्रीफ

### भाजपा विश्रामपुर ग्रामीण मंडल ने किया योगाभ्यास

**नावा बजार।** पलामू जिला के भंडार पंचायत अंतर्गत योगा दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी के नेतृत्व में योगा अभ्यास का कार्यक्रम रखा गया। इस योगा अभ्यास में काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे । उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ सामूहिक रूप से योग किया। योगा कार्यक्रम समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली केंद्र सरकार 9 साल बेमिसाल के तहत महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान में लोगों से मिलने जुड़ने के क्रम में लोगों ने प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों को काफी सराहा। उपस्थित भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अमरेश तिवारी उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह आशीष पांडे दिलीप चंद्रवंशी प्रदीप चंद्रवंशी रोहित पांडे गोलू पांडे मीना देवी प्रभात पांडे विजय मिश्रा रीता देवी मुकेश पाठक दिलीप तिवारी दयाल विश्वकर्मा राधेश्याम चौधरी अजीत चौधरी काफी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मारपीट कर महिला को किया घायल, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कामत गांव निवासी सुदर्शन यादव की पत्नी दवंती देवी ने मारपीट कर घायल करने को लेकर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि वह अपने घर पर थी, इसी क्रम में गांव के दिलीप यादव, धुर्व यादव, विक्की यादव लाठी डंडे से हमपर प्रहार कर घायल कर दिया। हल्ला सुनकर मेरे पति जब मुझे बचाने पहुंचे, तो लोगों ने उन्हें घर में बंद कर दिया और मेरे साथ अश्लील हरकतें करने लगे और मेरा मंगलसूत्र भी छीन लिया। इस मारपीट में मेरा पैर टूट गया हैं, इस संबंध में हुसैनबाद के एसआई सौरभ कुमार ने बताया कि महिला की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप, उपभोक्ता परेशान

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्रों में 33 हजार मुख्य केवीए विद्युत लाइन में फॉल्ट हो जाने के कारण पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग के बिजली मिस्त्री ने बताया कि देवरी कला बिजली सबस्टेशन के जपला से पचंबा ग्रीड में फॉल्ट हो जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है । इस फॉल्ट को खोजने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल किया जाएगा। वैसे हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र को 30 मेगावाट बिजली की जरूरत है। परंतु दस से 12 मेगावाट बिजली आपूर्ति सप्लाई पांचवें ग्रीड से किया जा रहा है। बारिश नहीं होने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

## योग दिवस के मौके पर उत्साह के साथ महिलाओं व बच्चों ने किया योग

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड व आंचलिक क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शिविर आयोजित कर प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित पंचायत के मुखिया के नेतृत्व में सादगी व सौहार्दपूर्ण तरीके से योग दिवस मनाया गया।



विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर ने आयोजित योग शिविर का नेतृत्व बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने किया।। वहीं सिगसीगी पंचायत में आयोजित शिविर का नेतृत्व पंचायत की मुखिया किरण देवी के ने फीता काट कर किया गया।मुखिया किरण देवी ने कहा कि आज के मौजूद परिवेश में योग सभी के लिए आवश्यक है।योग से बल,बुद्धि का विकास होता है तथा कई बड़े असाध्य रोगों को इससे ठीक किया जा सकता है।मौके पर डाक्टर अशोक प्रजापति,, मुखिया प्रतिनिधी पिंटू चौधरी, शिक्षक रामकुमार पाण्डेय, मनोज चोबे,सुरेंदर विश्वकर्मा, माही पाण्डेय, कंचन देवी,सुबोध केशरी,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,सुमन देवी सहित कई बच्चों व महिलाओं ने उत्सुकता के साथ भाग लिया।

## बिजली चोरी के खिलाफ 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता ने हरिहरगंज में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 5 लोगों को मीटर बायपास कर बिजली चोरी करने, घरेलू कनेक्शन करा कर कमर्शियल बिजली उपयोग कर अवैध विद्युत चोरी करते पाया गया। 5 लोगों के खिलाफ हरिहरगंज थाने में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। सभी 5 लोगों पर बिजली विभाग ने दो लाख 10 हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिसमे हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के विजय सिन्हा, मनोज कुमार सिंह, अशोक प्रसाद, कुंदन कुमार तथा शंभू प्रसाद का नाम शामिल है। इस आशय की जानकारी विद्युत कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने बुधवार को दिया। इस अभियान में मानव दिवस कर्मी नीतीश कुमार, मो. जावेद आलम, अनिल कुमार सिंह, रोहित कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।


**कार्यालयः- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू**

पत्रांक..............................पलामू/ दिनांक.........................

कार्यालय सूचना

PR.no.-299959

जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू के द्वारा चंलत ग्राम क्लिनिक के लिए outsourcing के तहत् निकाले गये पदों पर आहूत स्कील परीक्षा की तिथि में परिवर्तनकरते हुए दिनांक 27.06.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से उप विकास आयुक्त, सभागार में आहूत की जाती है।

शेष शर्त यथावत रहेगी। ह0/-

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 300497 (District)23-24*D


## लू की चपेट से सदस्य के निधन पर हैदरनगर डीलर संघ ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के मुख्य बाजार निवासी जन वितरण प्रणाली के विक्रेता परमेश्वर साव का अचानक लू लगने से हुए निधन पर डीलर संघ ने शोकसभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डीलर संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि दिवंगत डीलर परमेश्वर साव काफी शालीन व मृदुभाषी थे। उनके निधन पर सभी डीलरों को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि परमेश्वर साव इस चिलचिलाती धूप में हुसैनाबाद स्थित गोदाम से जन वितरण प्रणाली के गोदाम से खाद्यान्न का उठाव करने गए थे। एक बार खाद्यान्न का उठाव कर वह घर वापस पहुंचे। शेष बचे खदान को लेने पुनः इस चिलचिलाती धूप हुसैनाबाद गोदाम पहुंचकर अनाज का उठाव कर ही रहे थे कि वे अचेत होकर गिर पड़े। जिसे गोदाम में कार्य कर रहे मजदूरों ने उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया था।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 14 वर्षीय छात्रा की मौत

मेदिनीनगर।आकाशीय बिजली की चपेट में आकर चैनपुर पूर्बडीहा पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय की एक छात्रा प्रियंका कुमारी उम्र 14 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर मदन मोहन ने बताया कि प्रियंका बारिश होने के पश्चात बुधवार की शाम छत पर कपड़ा लेने गई थी इसी बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रियंका गढ़वा जिले के सोह नारायणपुर निवासी पंकज कुमार मेहता की पुत्री है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मेदिनीनगर के लिए रवाना हो चुके हैं। प्रियंका कक्षा 9 की छात्रा थी। और पढ़ने लिखने में भी अन्य छात्रों से बेहतर थी।

## वज्रपात से चार पशु की मौत, एक महिला घायल

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के दो अलग -अलग जगहों पर बुधवार को बारिश के साथ हुई वज्रपात में चार पशुओं की मौत हो गयी। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजवार गांव के समीप ललबारा मौजा में वज्रपात की चपेट में आकर कपिलदेव मेहता की 47 वर्षीय पत्नी विमला देवी घायल हो गयी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा**

CANCELLED (रद्द)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल अंतर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/GARHWA/20/2022-23,PR No-293454 Rural Development(22-23)#D द्वारा प्रकाशित निविदा के Identification No- RWD/SD/GARHWA/20/2022-23_Gr.-09 (गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में ग्राम–संगबरिया में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य), RWD/SD/GARHWA/20/2022-23_Gr.-10 (गढ़वा जिला के चिनियाँ प्रखण्ड में ग्राम–चपकली में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य) एवं RWD/SD/GARHWA/20/2022-23_Gr.-08 (गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में ग्राम–खरडीहा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। शेष ग्रुप यथावत् बने रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02
गढ़वा।

PR 300501 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**

Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

ई–निविदा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 08/2023–24 दिनांक 17.06.2023

| क्र0सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मध्य विद्यालय, ब्रमण्डीहा चट्टी के पास सोलर द्वारा पानी सप्लाई मरम्मति कार्य | भण्डरा | 269900.00 | 750.00 | 5400.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | ग्राम मसमानो साहु सरना टोली में पक्की नाली निर्माण | भण्डरा | 2028500.00 | 5000.00 | 40600.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | ग्राम भुजनिया छोटकु सिंह के घर से फुटकल पेड तक पक्की नाली निर्माण | लोहरदगा | 1886500.00 | 5000.00 | 37800.00 | 03 (तीन) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 23.06.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 28.06.2023 / 05:00 बजे अपराहन तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 01.07.2023 / 02:00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 01.07.2023 / 04:00 बजे अपराहन में |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR300504 (Lohardaga)23-24*D



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com

–::मतदाताओं के लिए आम–सूचना ::–

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2023/ERS(III) दिनांक 29.05.2023 द्वारा दिनांक 01.01.2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत् मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि करने हेतु निम्नवत् तिथि निर्धारित की गई है:–

| क0 | पुनरीक्षण का कार्यक्रम | निर्धारित अवधि |
|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियाँ (सभी संबंधितों को प्रशिक्षण, बी0एल0ओ0 द्वारा घर–घर सत्यापन कार्य, मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों को चिन्हित करना एवं उसका निराकरण, मतदाता सूची में दर्ज Repeated/Multiple entries/ Demographically similar entries/ Dead elector entries आदि की पहचान कर नियमानुसार शुद्धिकरण की कार्रवाई, मतदान केन्द्रों का व्यवस्थीकरण, कंट्रोल टेबल अद्यतन करना आदि कार्य) | दिनांक 01.06.2023 (गुरूवार) से दिनांक 30.09.2023 (शनिवार) |
| 2 | एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन | दिनांक 17.10.2023 (मंगलवार) |
| 3 | मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, शुद्ध करने तथा स्थानान्तरित करने हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त करना | दिनांक 17.10.2023 (मंगलवार) से दिनांक 30.11.2023 (गुरूवार) |
| 4 | विशेष अभियान दिवस | दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अवधि में दो शनिवार एवं दो रविवार (विभागीय स्तर से निर्धारित तिथि) |
| 5 | दावा/आपत्ति का निष्पादन | दिनांक 26.12.2023 (मंगलवार) तक |
| 6 | • मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जाँच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना • डाटाबेस को अपडेट करना और सप्लीमेंट्स की छपाई | 01.01.2024 (सोमवार) तक |
| 7 | मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 05.01.2024 (शुक्रवार) |

* 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर की अहर्त्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र–6 में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण–पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं।
* प्रवासी भारतीय मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र–6क में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रपत्र–7 में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची में प्रविशिटयों में सुधार, मतदाता पहचान पत्र प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिन्हांकित करने, विधानसभा क्षेत्र के अंदर अथवा बाहर निवास स्थानान्तरण हेतु प्रपत्र–8 में आवेदन कर सकते हैं।
* दावा एवं आपत्ति आवेदन यथा प्रपत्र–6, प्रपत्र–6क, प्रपत्र–7 एवं प्रपत्र–8 BLO/AERO/ERO कार्यालय में दिनांक 30.11.2023 तक समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
* विभाग द्वारा निर्धारित तिथि (दो शनिवार एवं दो रविवार) को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथियों को मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 के द्वारा पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।
* सभी प्रपत्रों का Online आवेदन **Voter Help Line App** एवं voterserviceportal के माध्यम से किया जा सकता है।
* सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट **eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के वेबसाईट **ceo.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
* प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।
* मतदाता सूची में पंजीकरण/सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

इस आम सूचना से सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुरूप योग्य नागरिक अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र के बी0एल0ओ0/ए0ई0आर0ओ0/ई0आर0ओ0 कार्यालय से विहित प्रपत्र प्राप्त कर मतदाता सूची में निबंधन/संशोधन हेतु अपना आवेदन समर्पित करें।

सभी राजनीतिक दल, गढ़वा जिला के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि इस कार्यक्रम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे एवं वैसे सभी योग्य नागरिक जो 18+ आयुवर्ग के हैं, का नाम मतदाता सूची में निबंधित कराने हेतु अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.300507 Election(23-24):D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 22 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-246 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

विद्या बालन की फिल्म 'नीयत' का टीजर... पेज 10 पर



### मुख्यमंत्री युवाओं को आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

## पांच विभागों के 25 सौ से अधिक पदों पर होगी नियुक्ति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। वे मोरहाबादी मैदान में राज्य के पांच प्रमुख विभागों पंचायती राज, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग व वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। पंचायती राज विभाग और जिला प्रशासन समारोह की तैयारी कर रहा है। पंचायती राज विभाग में जिला स्तरीय नियुक्ति होनी है जबकि अन्य विभागों में राज्य स्तरीय नियुक्तियां की जाएंगी।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से अनुशंसित नवनियुक्त 1633 पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। रैंकिंग के अनुसार नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। इसके अलावा वित्त विभाग में कोषागार पदाधिकारी और निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति होगी। अन्य विभागों में भी नौकरी दी जायेगी। सबसे कम नियुक्ति पत्र खाद्य आपूर्ति विभाग में 35 लोगों के बीच वितरित किया जायेगा। भू-राजस्व में लगभग 750, वित्त में 150 युवाओं को नियुक्ति मिलेगा। कुल 2500 से अधिक पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित की जाएगी।

पंचायती राज विभाग के सचिव राजीव अरुण एक्का ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के लिए सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। सचिव ने कहा कि वे सुनिश्चित कराएं कि 22 जून को सारे पंचायत सचिव समारोह स्थल में उपस्थित हों। इससे पूर्व सारी कागजी प्रक्रिया भी पूर्ण करने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि 2017 में ही राज्य कर्मचारी चयन आयोग से इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की गयी थी लेकिन कार्मिक विभाग के एक पत्र की वजह से नियुक्ति रुकी हुई थी। अब विभाग ने सरकार की अनुमति के बाद नियुक्ति पर लगी रोक को हटा दिया है। इसके बाद ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

इन जिलों में दिया जायेगा योगदान पत्र : गढ़वा-74, पलामू-74, लातेहार-29, चतरा- 62, हजारीबाग- 117, कोडरमा- 53, गिरिडीह- 121, देवघर- 52, गोड्डा- 80, साहेबगंज- 58, पाकुड़- 34, दुमका- 72, जामताड़ा- 39, धनबाद- 89, बोकारो- 152, रामगढ़- 94, लोहरदगा- 25, गुमला- 34, रांची- 81, सिमडेगा- 22, प.सिंहभूम- 82, सरायकेला-खरसावां- 47, पूर्वी सिंहभूम- 109।

## अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारी गोली, गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक निवासी रामस्वरूप राम के पुत्र छोटू को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने छोटू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर राहुल अग्रवाल के पास भेज दिया गया है।

इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस का 27 जून को प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन, हफ्ते में छह दिन चलेगी



**रांची।** पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदेभारत ट्रेन का उद्घाटन 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे। यह ट्रेन पटना से हटिया तक चलेगी। रेलवे इस रूट का दो बार ट्रायल कर चुका है। इसकी समय-सारिणी की भी घोषणा जल्द होगी। रेलवे मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में मंगलवार को छोड़कर छह दिन चलेगी। ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह सात बजे खुलेगी और दोपहर एक बजे रांची और 1.20 बजे हटिया स्टेशन पहुंचेगी।

ट्रेन हटिया स्टेशन से शाम 3:55 बजे खुलेगी और शाम 4:10 बजे रांची स्टेशन पहुंचेगी। पांच मिनट की स्टॉपेज के बाद शाम 4:15 बजे पटना के लिए रवाना हो जाएगी। यह रात 10:10 बजे पटना पहुंचेगी। ट्रेन 6.15 घंटे में 385 किमी की दूरी तय करेगी। इसकी औसतन स्पीड 61 किमी होगी। समय-सारिणी स्वीकृति होते ही ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा। हटिया से शाम 3:55 बजे, रांची से शाम 4:15 बजे, बीआईटी मेसरा से शाम 4:37 बजे, बरकाकाना से शाम 5:35 मिनट, हजारीबाग से शाम 6:32 बजे, कोडरमा से शाम 7:25 बजे चल कर गया शाम 8:55 बजे, जहानाबाद रात 9:30 बजे और पटना रात 10:10 बजे पहुंच जाएगी। रेलवे के अनुसार दोपहर 2:25 बजे रांची से पटना के लिए जनशताब्दी है। ट्रेन प्रतिदिन चलती है। किराया कम होने के कारण लोग जनशताब्दी को तवज्जो देंगे। साथ ही, ट्रेन का स्टॉपेज ज्यादा होने से लोग प्राथमिकता देंगे। इसलिए, वंदेभारत की टाइमिंग शाम को की गई। बताया गया है कि जनशताब्दी एक्सप्रेस और हटिया-इस्लामपुर के बीच लगभग पांच घंटे तक पटना के लिए ट्रेन नहीं है। इस कारण रेलवे हटिया से वंदेभारत चलाएगा, जिससे हटिया के अलावा बीआईटी के छात्रों और यात्रियों को बिहार जाने में आसानी होगी। रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड से हर दिन शाम को 40 से 45 बसें पटना के लिए खुलती हैं। इसमें करीब 2 हजार यात्री सफर करते हैं। रेलवे का मानना है कि पटना से रांची आनेवाले डेली यात्रियों के लिए वंदे भारत एक अच्छा ऑप्शन साबित होगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### हथौड़े से कर दी थी पति की हत्या, अदालत ने सुनाई उम्रकैद

**रांची।** रांची के अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने पति की हत्या की आरोपी पत्नी को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वारदात रांची के रातू थाना क्षेत्र में हुई थी। मरियानुस टोप्पो और उनकी पत्नी मरियम के बीच अक्सर झगड़ा होता था। 14 मई 2019 को मरियानुस टोप्पो शराब के नशे में झगड़ा कर रहा था, तब पत्नी ने हथौड़े से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक के भाई की पत्नी सुषमा लकड़ा ने इस वारदात को लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी। अदालत में इस केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने नौ गवाहों को पेश किया था। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए हथौड़े सहित कई साक्ष्य मौके से जुटाए थे। गवाहों और सबूतों के आधार पर अदालत ने मरियम टोप्पो को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

### एटीएस ने भोला पांडेय गिरोह के चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने भोला पांडेय गिरोह के चार अपराधियों को बरियातू से गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बरियातू थाना क्षेत्र स्थित डीएन ग्रांड में छापेमारी करते हुए भोला पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी पश्चिम बंगाल निवासी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू, सिकिदरी निवासी सुबोध कुमार साहू, नामकुम निवासी टिंकू सिंह और राजेश झा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक नाइन एमएम पिस्टल, छह नाइन एमएम की जिंदा गोली, दो मैग्जीन, दो कार, नौ मोबाइल फोन और 39 हजार रुपये नकद बरामद किया है। मिली सूचना का तकनीकी विश्लेषण और जांच के बाद एटीएस ने रांची पुलिस के सहयोग से होटल डीएन ग्रांड में छापामारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

### हाई कोर्ट ने वीसी कोटे से नामांकन पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंदा सेन ने बुधवार को विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में चल रहे वाइस चांसलर कोटे से दो सीटों के नामांकन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। मोहम्मद अख्तर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पाया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में गैरकानूनी प्रैक्टिस चल रही है। सामान्य कोटे से दो सीटों को काटकर उसे वीसी कोटा का नाम देकर खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा था। लगभग सभी विभागों में दो सीट वीसी कोटा के माध्यम से बिना किसी प्रक्रिया के नामांकन लिए जाते थे।

# झारखंड ने सुखाड़ की क्षतिपूर्ति के लिए मांगे 9600 करोड़

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र सरकार से पूर्व घोषित सुखाड़ की क्षतिपूर्ति राशि मांगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हीट वेब को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया के साथ बुधवार को हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्र सरकार से पूर्व घोषित सुखाड़ की क्षतिपूर्ति राशि मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सुखाड़ के एवज में केंद्र से क्षतिपूर्ति राशि के तौर पर 9600 करोड़ झारखंड को मिलने थे। यह राशि अब तक विमुक्त नहीं की गयी है। इसके लिए सहयोग मिले। बैठक में बन्ना गुप्ता ने कई प्रमुख मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि लू और वज्रपात को राष्ट्रीय आपदा में शामिल किया जाना चाहिये। लू या शीतलहर के कारण हुई मृत्यु के दौरान मृत्यु का कारण को स्पष्ट करना आवश्यक है। केंद्र को इसके लिए स्पष्ट दिशा निर्देश उपलब्ध कराना चाहिये। आगजनी के प्रकार को परिभाषित किया जाए कि वह प्राकृतिक आग है या मानव जनित। सभी जिलों में आपदा मित्र की स्वीकृति दी जानी चाहिये। आपदा प्रबंधन द्वारा राज्यांश निर्गत करने की अवधि की अधिसीमा को बढ़ाकर 15 दिनों की बजाए 60 दिनों का कर दिया जाए। इस मौके पर आपदा प्रबंधन सचिव अमिताभ कौशल, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, एनएचएच निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने लू से प्रभावित राज्यों में तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने बुधवार को लू से प्रभावित 7 राज्यों में चल रही इनसे संबंधित बीमारियों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा की। राज्यों को गर्मी से संबंधित बीमारियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना का अनुपालन करने को कहा गया है। उनसे स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी, आवश्यक दवाओं और रसद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना भीषण लू की स्थिति का सामना कर रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने आज गर्मी से संबंधित बीमारी के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों, राज्य आपदा प्रबंधन मंत्रियों और सात राज्यों के प्रमुख सचिवों/अतिरिक्त मुख्य सचिवों और सूचना आयुक्तों की एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एसपी बघेल और डॉ. भारती प्रवीन पवार उपस्थित थे। नीति आयोग सदस्य (स्वास्थ्य) वीके पॉल वर्चुअल मोड में उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री ने भीषण लू सहित किसी भी आपदा के प्रभावी प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच संयुक्त प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समन्वित कार्रवाइयों से हम निश्चित रूप से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि लू के कारण कोई मौत न हो। साथ ही, राज्यों से लोगों को समय पर चेतावनी के साथ जमीनी स्तर पर राज्य कार्य योजनाओं को लागू करने और हीटवेव के गंभीर प्रभाव को कम करने के लिए निवारक तैयारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ बनाता है : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि योग भारत का दुनिया को एक अमूल्य उपहार है। योग एक ऐसा साधना है जो शरीर को ही नहीं, मन को भी स्वस्थ बनाता है। योग के माध्यम से व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है। राज्यपाल बुधवार को राज भवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कल की ही बात है पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के अवसर पर मैंने देखा कि एक वृद्ध महिला को चलने में कठिनाई हो रही है, मैंने उनसे पूछा कि क्या आपको दर्द हो रहा है, वह बोली मुझे कोई दर्द नहीं है और मैं मानसिक बल के कारण इस समारोह में आई हूं। राज्यपाल ने कहा कि योग से हम स्वतः स्फूर्त होकर बिना व्यवधान के लगातार कार्य करने में सक्षम होते हैं। योग से शरीर के जोड़ की शिथिलता समाप्त होती है, उनमें रक्त संचार बढ़ता है और वे ज्यादा सक्रिय होकर कार्य करती है। योग को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर इसके कद को ऊंचा करने में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेखनीय और सराहनीय योगदान है। उनके प्रयास से आज पूरा विश्व पूरे उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान, पूरी दुनिया ने हमारे योग अभ्यासों को अपनाया और यह संक्रमित व्यक्तियों के उपचार में कारगर साबित हुआ। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अन्य को भी प्रेरित करने के लिए कहा। योगाभ्यास करने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। जो करें योग, वह रहें निरोग।

## बकोरिया मुठभेड़ : सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई 27 जुलाई को




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ पीड़ित पक्ष की याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। अब मामले में 27 जुलाई को सुनवाई होगी। उस दिन मुठभेड़ में मारे गए लोगों के परिजनों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होगी। पूर्व में पीड़ित पक्ष ने सीबीआई के क्लोजर को चुनौती देने के लिए याचिका दायर करने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग कोर्ट से की थी। सीबीआई के एसडीजेएम प्रवीण उरांव के कोर्ट ने पूर्व में सीबीआई की ओर से मामले में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है। मामले में रांची सीबीआई की ओर से 19 अप्रैल को क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए बताया गया है कि अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी। इस पर बकोरिया मुठभेड़ से जुड़े शिकायतकर्ता जवाहर यादव रांची सीबीआई कोर्ट में प्रस्तुत हुए थे। उल्लेखनीय है कि पलामू के सतबरवा प्रखंड के भलवाही घाटी में 8 जून, 2015 को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर अनुराग और उसका बेटा, भतीजा, पारा शिक्षक उदय यादव सहित 12 की जान गई थी। मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पारा शिक्षक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया था। हाई कोर्ट के निर्देश पर दिसंबर 2018 से सीबीआई बकोरिया मुठभेड़ की जांच कर रही थी। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में सीबीआई ने पूरे मामले में क्लोजर रिपोर्ट दी थी।

## रिपोर्ट: न्यूयार्क में पेट्रोलिंग के लिए रोबोट का इस्तेमाल किया जाएगा

# अब पुलिस का काम करेगा एआई रोबोट

### सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट पर ऑटोनॉमस पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है



**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस / एआई वाला रोबोट अब पुलिस का काम करेगा। पुलिस का कामकाज रोबोट सँभालेंगे। ट्रैफिक से लेकर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी रोबोट पुलिस पर होगी। तब तो भविष्य में पुलिस कर्मियों की संख्या बहुत ही कम हो सकती है। चौंकिए मत- न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट ने ऐलान किया है कि उनकी तरफ से शहर में पेट्रोलिंग के लिए रोबोट का इस्तेमाल किया जाएगा। वही सिंगापुर ने ऐलान किया है कि वो चांगी एयरपोर्ट पर ऑटोनॉमस पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक रोबोट पुलिस कैमरे, सेंसर, सायरन से लैस होंगे। मालूम हो कि कि सिंगापुर पिछले पांच साल से इन रोबोट्स के साथ ट्रायल रन कर रहा है।

पुलिस रोबोट करीब पांच फुट लंबा होगा। इसमें कई कैमरे लगे होंगे, जिससे 360 डिग्री व्यू मिलेगा। ऐसे में पुलिस अधिकारी देख पाएंगे कि आखिर जमीन पर क्या हो रहा है। इसके अलावा पुलिस रोबोट में बिल्ट-इन स्पीकर होगा। साथ ही माइक्रोफोन की सुविधा होगी। ऐसे में रोबोट से बातचीत भी की जा सकेगी। मतलब रोबोट पुलिस पूरी तरह से वास्तविक पुलिस का कामकाज करेंगे। पुलिस रोबोट को सिंगापुर में पहली बार 2018 में पेश किया गया था। चांगी हवाईअड्डे पर सिंगापुर कुछ समय से रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है।

### कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के आरोपी महाराष्ट्र के डॉक्टर को न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत में बुधवार को दहेज प्रताड़ना के मामले में महाराष्ट्र के भुसावल निवासी चिकित्सक डॉ पवन बजाज को पेश किया गया। जहां से आरोपित को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया गया। पवन बजाज को महाराष्ट्र के भुसावल से ट्रांजिट रिमांड पर लालपुर पुलिस रांची लाई है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 498 ए के तहत लालपुर थाना में कांड संख्या 431/ 2019 दर्ज है। उस पर अपने भाई की पत्नी दीप्ति धनानी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप था। हाई कोर्ट से उसे सशर्त जमानत मिली थी। इसमें कोर्ट ने कहा था कि रांची के लालपुर निवासी पीड़िता को सम्मान के साथ घर ले जाया जाए। लेकिन पवन बजाज ने पीड़िता को सम्मान के साथ घर ले जाने की वजह सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल किया था।

## तिरंगा व मोदी का जलवा दिखा न्यूयॉर्क में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर भारतीय मूल के नागरिकों में खासा आकर्षण देखा जा रहा है। लंबी यात्रा कर पहुंचे लोग अपने प्रिय नेता से मिलने हाथों में तिरंगा लिए और मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए सड़कों के किनारे देखे गए। पीएम मोदी ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर और सड़कों के किनारे भारतवंशी लोगों की लंबी लाइन देखी गई। पीएम मोदी से मिलने पहुंचे 69 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भोलानाथ रामा और उनकी पत्नी सुनीता रामा न्यूयॉर्क पहुंचे थे। यह दंपति पीएम मोदी से मिलने के लिए ओहायो से नौ घंटे की यात्रा तय कर यहां पहुंचा था। डॉ. भोलानाथ ने कहा कि पीएम मोदी भारत के लिए सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। वह देश की प्रगति के लिए सबकुछ कर रहे हैं। रामा ने कहा कि मोदी का समर्थन किया जाना चाहिए। रामा ने भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो ह्यनेताओं को दंडित कर रहे हैं। इसी तरह, भारतवंशी रश्मिन एस मास्टर ने बृहस्पतिवार को वाशिंगटन डीसी में प्रधानमंत्री के स्वागत समारोह को देखने के लिए उत्साह के साथ अपना प्रवेश टिकट दिखाया। मास्टर (70) मोदी को भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का श्रेय देते हैं। उन्होंने कहा कि मैं 1975 से अमेरिका में हूं। मोदी जो बदलाव लाए हैं, मैंने उसे देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जून को प्रवासियों की एक सभा को संबोधित करेंगे। हालांकि इस कार्यक्रम में 1,000 लोग ही शामिल हो सकते हैं। इस बीच, कई लोग वाशिंगटन डीसी में दक्षिण लॉन में प्रधानमंत्री के औपचारिक स्वागत का निमंत्रण प्राप्त करने के प्रयास में जुटे हैं।

## सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों की ओर से अलग-अलग स्थानों पर किया गया योग शिविरों का आयोजन

# जिले में उत्साह के साथ मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को जिले भर में सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों की ओर से अलग-अलग स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को योग गुरुओं की ओर से विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया और इसके लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया। योग दिवस को लेकर लोगों में खासकर, बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।



**श्री बंशीधर नगर।** विशुनपुर स्थित मिलेनियम पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय निदेशक मुमताज राही शिक्षक नागेंद्र प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।



**भंडरिया।** भंडरिया +2 उच्च विद्यालय के मैदान में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बिपिन कुमार भारती, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय किशोर रजक, सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बिरझू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जनेवा बीडीसी अंबिका सिंह आदि मौजूद रहे।



**डंडई।** किसान उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में बीडीओ सोमा उरांव, सीओ चुनाराम हेम्ब्रम, थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी, पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार,बसंत तिर्की आदि मौजूद रहे।



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय ट्रोमा सेंटर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, आयुष चिकित्सक डॉ रामानुज प्रसाद, डॉ कैसर आलम, नेत्र सहायक नागेश्वर प्रसाद सिंह, योग प्रशिक्षक प्रियंका देवी, सुनैना देवी व शशि कुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर योग प्रशिक्षक कौशल कुमार, प्रधान सहायक अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।



**भवनाथपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्रजेश कुमार दूबे (एक्स नेवी ऑफिसर), योग गाइड धर्मेंद्र सिंह, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर आदर्श सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



**धुरकी।** थाना परिसर में थाना प्रभारी सदानंद कुमार के नेतृत्व योग दिवस योग शिविर का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि कि योग से शारीरिक व मानसिक क्षमता का विकास किया जा सकता है।



**चिनिया।** थाना परिसर में थाना प्रभारी ने पदाधिकारियों व जवानों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने जवानों व अधिकारियों को योग का पूर्वाभ्यास कराया गया।



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न स्थानों परअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष चिकित्सक डॉक्टर राकेश द्वारा लोगों को योग एवं प्राणायाम कराया गया।



**मझिआंव।** थाना परिसर, सरकारी व गैर सरकारी परिसर में नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने योग करने के फायदे को बताया।

## मुखिया ने निजी खर्च से गांव- गांव पहुंचाया पानी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत को देखते हुए पानी की व्यवस्था को लेकर घर-घर टैंकर से पानी-पानी मुहैया कराया। उन्होंने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी से जलस्तर नीचे जाने से ग्रामीणों एवं जानवरो के समक्ष जल संकट उत्पन्न हो गया है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में मुकुंदपुर पंचायत के वार्ड संख्या 2,3,4,6 में बुधवार को सुबह- शाम घर-घर पानी देकर जलापूर्ति शुरूआत किया। मुखिया ने कहा की निजी खर्च से सुबह-शाम घर घर टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था कर शुद्व पानी देकर राहत पहुचाने का काम कर रहा हूँ। वहीं



नव प्राथमिक विद्यालय बक्सीपुर में पानी कि किल्लत को देखते हुए बोर कराकर पानी का व्यवस्था किया हुं।आगे भी पंचायत वासियों का सहयोग जारी रहेगा। इस मौके पर वार्ड सदस्य कौशल्या देवी. मोहन सिंह, ब्राह्मदेव पासवान, धमेन्द्र सिंह,धर्मदेव सिंह, यमुना सिंह सहित ग्रामीण लाभुक उपस्थित थे।

## वज्रपात से एक की मौत, एक जख्मी

**मेराल।** थाना क्षेत्र के चामा गांव में बुधवार की शाम आंधी के साथ हुई वर्षा के दौरान वज्रपात से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला बुरी तरह जख्मी है। पूर्व मुखिया महबूब अंसारी के अनुसार चामा गांव निवासी दानी साहू (52) तथा मानिकराज देवी पति कामेश्वर साह गाय चराने गए हुए थे। इसी दौरान अचानक वर्षा के साथ वज्रपात हुआ, जिससे दानी साहू की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि मानिकराज देवी गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। महबूब अंसारी ने बताया कि मृतक दानी शाह के परिवार में दो बेटी एवं पत्नी है। वज्रपात से मृतक के घर के साथ साथ गांव में मातम का माहौल है।

## भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय परिसदन भवन में बुधवार को भाजपा का भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संयुक्त मोर्चा की बैठक व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडेय, जवाहर पासवान, शिवधारी राम, अलखनाथ पांडेय, इंद्रमणि जायसवाल, मुकेश चौबे, राजेश जायसवाल, अनीता गुप्ता, लक्ष्मण राम, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, संजय कांस्याकार, संजय यादव, प्रदीप चौबे, अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, ओम




प्रकाश गुप्ता, मनीष यादव, लालमोहन यादव, अभिषेक चौबे, नंदकिशोर प्रसाद, जितेंद्र विद्यार्थी, हीरा प्रसाद, सुधीर प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांसद बीडी राम ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी एवं रीढ़ है जिसके सहारे मोदी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं जन-जन तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में इन्हीं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व की देन है कि देश के अंदर जिस नारे के साथ भारतीय जनता पार्टी की 2014 में सरकार बनी थी- भय, भूख, भ्रष्टाचार मुक्त, सबका साथ सबका विकास, सेवा सुशासन की संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज पार्टी आगे बढ़ रही है।

**बैठक** आयुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की

# किसानों को कर्ज से उबारेगा केसीसी : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड किसानों को महाजन (कर्ज) से उबारेगा। अधिक -से- अधिक किसानों को केसीसी जारी कर, उन्हें लाभान्वित करें। केसीसी जारी करने में शिथिलता नहीं बरतें। इसकी गंभीरता को समझें, व्यक्तिगत रूचि लें और टीम वर्क के साथ काम कर किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। आयुक्त आज गढ़वा जिले के सभागार में जिले के पदाधिकारियों एवं बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर केसीसी जारी करने की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

आयुक्त ने केसीसी के लंबित 3883 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर अगले एक माह में 3 हजार




केसीसी वितरण करने का सख्त निदेश दिया। साथ ही 15 अगस्त तक सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन कर केसीसी जारी करने का निदेश दिया। उन्होंने बैंक अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जिले के किसानों के उत्थान में बैंकों की भूमिका नहीं रहने से उन्हें जिले में कार्य करने की सार्थकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अगले एक माह में गढ़वा का स्थान राज्य में 12 वें स्थान पर लाना सुनिश्चित करें। किसानों को केसीसी का लाभ देकर उनकी कठिनाइयों को दूर करें। किसानों को लाभ मिलेगा, तो वे दूसरे जिले या राज्यों में पलायन नहीं करेंगे। किसान रोजगार सृजन कर आर्थिक रूप से सबल होंगे। आयुक्त ने नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में तेजी लाते हुए 15 अगस्त तक समाप्त करने का निदेश दिया। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि किसानों से ज्यादा-से-ज्यादा आवेदन प्राप्त करें और नये लाभुकों को केसीसी कार्ड वितरण योजना से जोड़ने का कार्य करें। प्रखंड विकास पदाधिकारियों से समन्वय कर अधिकाधिक केसीसी जारी करें।

बैठक में मुख्य रूप से आयुक्त के अलावा उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमिता कुमारी, गोपनीय प्रभारी विकास कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यवसायी के घर पर फायरिंग में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**श्री बंशीधर नगर।** व्यवसायी व ठेकेदार मिठू जायसवाल के घर हुई फायरिंग की घटना में शामिल अपराधी सकील अहमद उर्फ सोनू खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को नगर उंटारी थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुआ गांव निवासी स्व फुजैल अहमद के पुत्र सकील अहमद उर्फ सोनू खान को गिरफ्तार किया गया है। सोनू खान ने गोलीबारी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। घटना में शामिल अन्य 3-4 लोगों की भी गिरफ्तारी पुलिस जल्द कर लेगी। 13 जून की मध्यरात्रि में नरखोरिया धुरकी मोड स्थित मिठू जायसवाल के घर पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था।

## संक्षिप्त

### जेईई एडवांस में सोनाली ने लहराया परचम

**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2)स्कूल की छात्रा सोनाली कुमारी ने जेईई एडवांस की परीक्षा में अपना 6954 वां स्थान लाकर सफलता का परचम लहराया है। सोनाली कुमारी पिता प्रवीण दुबे, माता ज्योति देवी सहिजना की पुत्री है। वह जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2021-2023 की इंटर मैथ साइंस की विद्यार्थी रही है। उन्होंने 99.1186% लाकर आई आई टी के लिए चयनित हुई हैं। स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

### बीएलओ व पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में नगर उंटारी, विशुनपुरा व रमना प्रखंड के सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों निर्वाचन संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ श्रवण राम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कम्प्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ पर्यवेक्षक उत्तम रंजन, कौशल कुमार, सुमित कुमार, बिनोद राम, बीएलओ आशा देवी, शीला देवी, नीरा देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, बबिता देवी सहित नगर उंटारी, विशुनपुरा व रमना प्रखंड के सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### लेवी मांगने के आरोपी के घर चिपकाया पोस्टर

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के डोल गांव में छोटे लाल यादव के घर बुधवार को थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने न्यायालय के आदेश के बाद तेंदूपत्ता के ठेकेदार से लेवी मांगने सहित उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्त आरोपी के घर ढोल बाजा के साथ मुनादी कर पोस्टर चिपकाया है। मौके पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, पुलिस सब इंस्पेक्टर गुप्तेश्वर सिंह, ग्रामीण पुलिस ईश्वरी पासवान सहित पुलिस बल के जवान मौके पर मौजूद थी।

### आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया है। इसमें पोक्सो एक्ट एवं बाल विवाह के के अभियुक्त ताहिर अंसारी पिता इसरायल अंसारी, शमसुद्दीन मियां पिता बाबास मियां, अरसली दक्षिणी पंचायत समिति सदस्य के शकील अहमद पिता सुल्तान मियां सभी ग्राम अरसली दक्षिणी टोला चौरासी थाना भवनापुर जिला गढ़वा एवं एक वारंटी छोटन दुबे उर्फ मनीष दुबे पिता रघुनाथ दुबे ग्राम कोनमंडरा थाना भवनाथपुर जिला गढ़वा को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, एसआई कुंदन यादव, प्रभु राम, अभिमन्यु सिंह व पुलिस सस्त्र बल शामिल थे।

### मृतक के आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक

**डंडई।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा डंडई की ओर से बुधवार को अनुसूचित जनजाति परिवार के एक मृतक आश्रित को सहयोग राशि प्रदान किया गया। शाखा प्रबंधक संजीत कुमार, मुखिया धनवंती देवी व उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद ने संयुक्त रूप से आश्रित पिता शिवनाथ सिंह के हाथ में 200000 रुपये की राशि का चेक सौंपा गया। मौके पर बैंक कैशियर मुकेश कुमार सिंह, बैंक सखी रंभा देवी, लेखापाल ज्ञानचंद रवि, सत्यप्रकाश इत्यादि लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## बाइक दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम सुग्गी निवासी मनोज महतो बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह मनोज किसी काम से मेदिनीनगर जा रहा था।तभी रास्ते में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुरमुसी में बाइक दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी लेस्लीगंज थाना को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## झामुमो क्रीड़ा मंच ने योग शिविर का आयोजन किया

**मेदिनीनगर।** रेलवे सोसायटी पार्क में झारखंड मुक्ति मोर्चा क्रीडा मंच के द्वारा एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पतंजलि योग प्रशिक्षक धीरज कुमार ने उपस्थित तमाम लोगों को योग की प्रशिक्षण दिया । मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा कहा कि योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यही वजह है कि लोग इसे लगातार अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। योग की इसी अहमियत को देखते हुए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस मनाया जाता है। वही मौके पर झामुमो जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी , छोटू तिवारी , भोला कुमार साथ ही क्रीड़ा मंच के जिला सचिव दीपक तिवारी, तनवीर आलम उपस्थित थे।कार्यक्रम का मंच संचालन क्रीड़ा मंच के उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने व धन्यवाद ज्ञापन नेहा कुमारी ने किया।

## 5 आर ओ शीतल वाटर मशीन का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेदनी नगर निगम द्वारा15वें वित्त से क्रय की गई 5 आर ओ शीतल वाटर मशीन का शुभारंभ माननीय सांसद बीडी राम साथ में प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा समाज को समर्पित किया गया।

### ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहाना

# झमाझम बारिश ने चिलचिलाती से गर्मी लोगों को दी राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उमस और बादलों के बीच भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बुधवार दोपहर बाद थोड़ी राहत मिली। हल्की बारिश होने के बाद ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने से लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान देखी गई। सुबह से ही भीषण गर्मी का अहसास हो रहा था। दोपहर बाद हवा के साथ बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया।अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी रिकार्ड की गई। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने पसीना-पसीना हो रहे लोगों को राहत मिली। वहीं शहर सहित कई स्थानों पर अच्छी बारिश भी हुई। शहर की



ज्यादातर सड़कों व गलियों में पानी जमा हो गया। बरसाती पानी भरने के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।बुधवार की शाम लगभग 30 मिनट तक हुई झमाझम बारिश ने जिले के तापमान के पारा को नीचे गिरा दिया है। मौसम में बदलाव के कारण तापमान का पारा 42 डिग्री से घटकर 35 डिग्री तक पहुंच गया है। जिसके बाद गर्मी से बेहाल लोग राहत महसूस कर रहे हैं। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए थे और दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और झमाझम बारिश होने लगी। भीषण गर्मी के बीच अचानक शुरू हुई बारिश ने पशु-पक्षियों को भी आनंदित किया। बारिश के बाद गर्मी से राहत मिलते ही लोग काफी खुश दिख रहे थे। लोग इस झमाझम बारिश को प्री मानसून मान रहे हैं। जिले के किसानों का मानना है कि प्री मानसून बारिश होने के साथ ही कृषि कार्य में भी तेजी आ जाएगी। बारिश का इंतजार कर रहे किसानों ने खाद-बीज की खरीददारी शुरू कर दी थी।अच्छी बारिश होने के बाद कृषि कार्य शुरू हो जाएगा। आसमान में बादल छाने और कुछ ठंडी हवाएं बहने से जो लोग तेज धूम और गर्मी से व्याकुल थे, उन्हें कुछ ठंडे मौसम से सुकून मिला है।

## मनरेगा योजना अंतर्गत डोभा निर्माण कार्य प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत कुंम्भी कला पंचायत के तामदगा गांव में मनरेगा योजना अंतर्गत विकास सिंह के खेत में डोभा निर्माण योजना का चयन वर्ष 2022-23 के तहत60 60 डोभा निर्माण कराया जाना था। जिसका प्रकलित राशि 1लाख 80हजार55 रुपया था। उक्त डोभा में मनरेगा अधिकारियों द्वारा 28440 रुपए की निकासी मनरेगा मजदूर के खाते में तीन माह पूर्व भेज दी गई लेकिन लाभुक द्वारा उस योजना में कार्य नहीं किया गया था। दैनिक जागरण अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने लाभुक से डोभा निर्माण कार्य किया गया प्रारंभ । रोजगार सेवक रमाकांत तिवारी ने बताया कि डोभा निर्माण में



लाभुक से कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। वहीं पंचायत सचिव शिवकुमार यादव ने बताया कि विकास सिंह के खेत में डोभा निर्माण कार्य में हुई राशि निकासी के बाद भी कार्य नहीं होना जांच किया गया। और डोभा निर्माण कार्य में कार्य प्रारंभ कर दी गई है।

### वसुधैव कुटुंबकम एवं हर आंगन योग की थीम पर

# पलामू में मना अंतराष्ट्रीय योग दिवस




आज **गांधी उद्यान** मैं माननीय सांसद बीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री गणेश मिश्रा जी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर भव्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कराते हुए शहर के जाने-माने योग प्रशिक्षक श्री राजीव जी एवं अतुल जी ने लोगों को योग की महत्ता को बताई। सांसद बीडी राम ,प्रथम महापौर अरुणा शंकर , कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा ,भाजपा जिलाध्यक्ष विजनंद पाठक एवं उस वार्ड के पार्षद प्रदीप अकेला द्वारा माल्यार्पण कर शुरूआत की गई।




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर संत मरियम स्कूल के आवासीय परिसर में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया । मौके पर सम्बोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की हम सभी को सदैव स्वस्थ रहने के लिए योगा को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।




**मेदिनीनगर।** 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2023 के अवसर पर आज पलामू प्रमंडल मुख्यालय के मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह आदि ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरूआत की। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रथम मेयर अरुणा शंकर, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी विक्रम आंनद, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, डीपीएम दीपक कुमार समेत भाजपा के कई नेता सहित जिले के अन्य पदाधिकारी, कर्मी, स्कूली बच्चे एवं आमजनों ने योगाभ्यास किया।




**विवेकानन्द विद्या मंदिर** में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. किरण द्विवेदी (ऑब्जर्वर), एस.पी. सिंह (प्रधानाचार्य, प्रभारी) अमिताभ लाहा (प्रधानाचार्य प्रभारी) एकता मिश्रा (हेड मिस्ट्रेस). सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ योगाभ्यास में भाग लिया। विद्यालय की योग शिक्षिका सीमा, पीएचई शिक्षक रितेश, रविकांत, पीटी शिक्षक दलजीत एवं धनंजय ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योगासनों का योगाभ्यास विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को कराया।




21 जून 2023 **एम.के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल** में 9वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एन. खान ने वेद मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय ने छात्रों के साथ बैठकर योगाभ्यास एवं विभिन्न आसन किए। डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि योग का मकसद शरीर और मस्तिष्क का जुड़ाव है। हमारे छात्र प्रतिदिन 10 मिनट योग को समय देकर प्रखर मस्तिष्क के मालिक बन सकेंगे। शिक्षक श्री अरविंद कुमार योग प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय के खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा, विक्रम रॉय,डॉ राजेंद्र कुमार राणा एवं श्रीमती काजोल ने छात्रों की मदद की।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो ने लगाई चित्र प्रदर्शनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के मौके पर 21 जून को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, डालटनगंज के द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के परिसर में मंगलवार को करीब 400 लोगों ने योग प्रशिक्षकों नेतृत्व में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। पतंजलि योगे पीठ की श्रीमती ममता सिन्हा एवं आर्ट ऑफ लिविंग की श्रीमती रागिनी जी एवं उनकी टीम ने योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इससे पूर्व सोमवार की शाम दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सी०आर०पी०एफ के डीआईजी पंकज कुमार, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट श्री सुदेश कुमार, पलामू के पुलिस अधीक्षक श्री चंदन कुमार सिन्हा, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वितीय कमान अधिकारी श्री दीपेंद्र कुमार, डिप्टी कमांडेंट श्री कुमार अंशु माली, डिप्टी कमांडेंट श्री राजेश महतो एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं फीता काटकर किया। डिप्टी कमांडेंट कुमार अंशु माली ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन जवान निस्कर पांडेय ने किया। मौके पर उक्त अतिथियों के अलावा जीएलए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आई जे खलखो, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, जीएलए कॉलेज के विद्यार्थी 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी, जवान उपस्थित थे।

**योग दिवस एवं सेवा-सुशासन की थीम पर प्रदर्शनी**

चित्र प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण योग दिवस की थीम पर लगाई गई प्रदर्शनी रही। इस प्रदर्शनी में योग की शुरूआत से लेकर योग के अबतक की यात्रा के संबंध में विस्तृत विवरण प्रदर्शित किया गया है। योगाभ्यास से संबंधित प्रक्रियाओं का प्रदर्शन एवं योग को संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलने से लेकर अबतक हुए 8 योग दिवस के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही योग की थीम पर अतीत व वर्तमान की दी गई जानकारियों की सराहना की।

**हां मैंने योग को अपने जीवन में शामिल कर लिया है**

चित्र प्रदर्शनी स्थल पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा सेल्फी बूथ बनाई गई थी। जिसकी थीम ह्यहां मैंने योग को अपने जीवन में शामिल कर लिया हैह्व रखा गया था। प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने इस अभिवन प्रयास की तारीफ करते हुए सेल्फी खिंचाई।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां**

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर मेघा श्रीराम डाल्टन ने अपनी गानों से समां बांधा।

## पैन कार्ड को आधार से लिंक करने में वसूली की आलोचना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर केन्द्र सरकार द्वारा कथित रूप से पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया में देरी को आधार बनाकर देश के गरीबों से 1000 से ज्यादा वसूली की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि वित्तीय रूप से अराजक,गरीब विरोधी व कारपोरेट परस्त मोदी सरकार का यह लम्पट चरित्र लोकतंत्र के कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के खिलाफ है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि प्रायः हर वित्तीय लेन-देन के कार्यों में पैन कार्ड की अनिवार्यता को देखते हुए पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने के जरुरी निर्देशों के आलोक में अत्यंत गरीबों से 1000 से ज्यादा वसूली अव्यवहारिक व अराजक कदम है, जिसे यथाशीघ्र केन्द्र सरकार को वापस लेना चाहिए। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि गरीबों के लिए पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की योजना निःशुल्क व समय सीमा की पाबंदियों से मुक्त होनी चाहिए ताकि गरीब जब भी फूर्सत में हो।

## नागरिक संघर्ष मोर्चा प्रभारी ने आयुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ जसवाल सहित नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी दीपक कुमार लाल ने बुधवार की दोपहर पलामू प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त मनोज जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रभारी आयुक्त को नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने बुके देकर सम्मानित भी किया। साथ ही पलामू प्रमंडल की ज्वलंत समस्याओं जैसे पानी बिजली सड़क एवं रोजगार सहित अन्य समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुलाकात के दौरान प्रभारी आयुक्त ने बताया कि पलामू की समस्या एवं व्यवस्था को लेकर वे सप्ताह में 2 दिनों का समय देंगे उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में विकास की



योजनाएं जरूरतमंद तक पहुंचे इस हेतु उनके ओर से हर संभव प्रयास की जाएगी।

विवेचना

### किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करने के निर्देश

# प्रभारी आयुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की

### आयुक्त ने केसीसी के लंबित 3883 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड किसानों को महाजन (कर्ज) से उबारेगा। अधिक -से-अधिक किसानों को केसीसी जारी कर, उन्हें लाभान्वित करें। केसीसी जारी करने में शिथिलता नहीं बरतें। इसकी गंभीरता को समझें, व्यक्तिगत रूचि लें और टीम वर्क के साथ काम कर किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। आयुक्त आज गढ़वा जिले के सभागार में जिले के पदाधिकारियों एवं बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर केसीसी जारी करने की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त ने केसीसी के लंबित 3883 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर अगले एक माह में 3 हजार केसीसी वितरण करने का सख्त निर्देश दिया।




साथ ही 15 अगस्त तक सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन कर केसीसी जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जिले के किसानों के उत्थान में बैंकों की भूमिका नहीं रहने से उन्हें जिले में कार्य करने की सार्थकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अगले एक माह में गढ़वा का स्थान राज्य में 12 वें स्थान पर लाना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में तेजी लाते हुए 15 अगस्त तक समाप्त करने का निदेश दिया। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि किसानों से ज्यादा-से-ज्यादा आवेदन प्राप्त करें और नये लाभुकों को केसीसी कार्ड वितरण योजना से जोड़ने का कार्य करें। प्रखंड विकास पदाधिकारियों से समन्वय कर अधिकाधिक केसीसी जारी करें। बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।बैठक में मुख्य रूप से आयुक्त के अलावा उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमिता कुमारी, गोपनीय प्रभारी विकास कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## योग भारत की धरोहर है, सभी करें योग : उपायुक्त

# नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ लोहरदगा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बैडमिंटन कोर्ट हॉल, बहुद्देशीय भवन, लोहरदगा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग शिविर के संचालकों की ओर से योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और उसके लाभ की जानकारी दी गई।

योग शिविर की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारत की धरोहर है। योग से व्यक्ति ना सिर्फ शारीरिक व मानसिक बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ हो जाता है। सभी लोगों को योग के आसनों का अभ्यास करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि सभी लोगो को योग क्रियाओं का नियमित अभ्यास करना चाहिए। यह हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। इससे पूरा समाज और देश स्वस्थ रहेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, कर्मीगण और योग शिविर के संचालकों में अंकित, खुशी भारती और प्रियंका साहू समेत योग शिविर से जुड़े अन्य गणमान्य उपस्थित थे।







### योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ रहें : सिविल सर्जन

**गुमला।** नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के अवसर पर बुधवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल गुमला परिसर में स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन गुमला डॉ. राजू कच्छप, डायरेक्टर नर्सिंग कौशल कॉलेज कर्नल डॉ. बी. के. मल्लिक, डीन नर्सिंग कौशल कॉलेज मेजर नीरजा केरकेट्टा, योग परिवार गुमला अध्यक्ष श्री अशोक जयसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्री संतोष झा एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर नर्सिंग कौशल कॉलेज कर्नल डॉ. बी. के. मल्लिक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं को स्वस्थ और प्रफुल्लित रखने का आसान और निशुल्क उपाय योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेना है। योग परिवार गुमला के अध्यक्ष अशोक जयसवाल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग है और हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रोग मुक्त रहने का प्रयास करना चाहिए।

### कुडू में मनाया गया 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**कुडू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कुडू प्रखंड में योगाभ्यास किया गया। प्रखंड मुख्यालय में जहां बीडीओ मनोरंजन कुमार की अगुवाई में आयुष चिकित्सको के सहयोग से आयोजित योग शिविर में लोगों ने योगाभ्यास किया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर कुडू परिसर में भपाइयों ने योग किया। शिविर में धीरज प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, सुदामा प्रसाद, अमित कुमार बंटू, अजय शर्मा, अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशुनपुर संस्था द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें अस्पताल के आवासीय चिकित्सक डॉ प्रेम प्रकाश सिन्हा के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। जिसमें अस्पताल में कार्यरत सभी एएनएम, जीएनएम, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, ड्रेसर, चिकित्सक, हाउसकीपिंग स्टाफ, वार्ड अटेंडेंट एवं प्रबंधन के कार्यकताओं ने भाग लिया। योग शिक्षक सह आयुष आवासीय चिकित्सक डॉक्टर प्रेम प्रकाश सिन्हा ने योगाभ्यास के तहत द्रुतगति योग प्राणायाम कपालभाति भस्त्रिका अनुलोम विलोम भ्रामरी संधि योग वृक्षासन ताड़ासन हलासन नौकासन पवनमुक्तासन आदि आसनों का अभ्यास कराया। योगाभ्यास कार्यक्रम में अस्पताल के आवासीय चिकित्सक डॉ चंदन कुमार, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, फार्मासिस्ट कंचन कुमारी, वरुण सिंह, एएनएम सीमा कुमारी, अंशु कुमारी, प्रेमिका कुमारी, सरोज कुमारी, उर्मिला कुजूर, शांति धान, याशिका कुमारी, माधुरी देवी, अनीता केरकेट्टा, मुकेश कुमार, अरुण राम, चंद्र किशोर टाना भगत, सुरेंद्र भगत, आदि कार्यकताओं मरीजों और उनके परिजनों सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान की लोहरदगा जिला इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिला मुख्यालय लोहरदगा के साथ साथ प्रखंडों में भी पतंजलि के योग प्रशिक्षकों द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास कराया गया। पेशरार के मुंगो में शिवशंकर सिंह, लोहरदगा व्यवहार न्यायालय में भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती, घाघरा के सुदूरवर्ती में अभय भारती, जिला मुख्यालय में अंकित अग्रवाल, खुशी भारती, माही, शिवा, मानसी, प्रियंका साहू, प्रखंड कार्यालय के समीप सहकारिता भवन में संजय मधुर, रवि भूषण प्रजापति, कूडू में निर्भय भारती, शिवराज विजय महतो, कैरो में गणेश शास्त्री, कोराम्बे में दिनेश प्रजापति, राम सुभग राय समेत विभिन्न ग्रामों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

### लोहरदगा सिविल कोर्ट में हुआ योग दिवस पर आयोजन

**लोहरदगा।** झारखंड उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिविल कोर्ट परिसर में न्यायाधीशों संग सिविल कोर्ट के स्टाफ ने किया योग ।योग प्रशिक्षक सह अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती के निर्देशन में समस्त लोगों ने योग के विभिन्न आसनों को किया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन कर योग के कार्यक्रम की शुरूआत की गई। योग करने वालों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, जिला न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, एवं अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, राजेश कुमार अनुमंडल न्यायिक पदाधिकारी राज कल्याण, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, न्याय दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा एवं सिविल कोर्ट के नाजिर, मुख्य क्लर्क एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे। योग करने वालों में 100 से ज्यादा लोग उपस्थित थे।

# वज्रपात से दो मवेशी की हुई मौत, एक महिला जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा रामनगर मूहल्ला में ईंट भट्ठा के समीप खेत में किसान पांच मवेशी को बांध कर घर आया था कि अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गर्जन के साथ वज्रपात होने से दो गाय जख्मी हो गई। इसके बाद किसान हेमंत महतो घायल मवेशी एवं अन्य मवेशी को घर लाकर पशु चिकित्सक शुशील कुमार से इलाज कराया। इलाज के दौरान देर शाम दोनों गाय की मौत घर में हो गई। पशु चिकित्सक शुशील कुमार ने बताया कि घायल गाय फिरिजियन नशल का है, जिसका मूल्य लगभग 70 हजार है। जबकि दूसरा ऑस्ट्रेलियन गाय है इसका मूल्य 40 हजार है। वज्रपात से जख्मी गाय की मौत से किसान हेमंत महतो को एक लाख 10 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं बंसरी गुरिया टोली में धान का बिचड़ा खेत में छिटने गई प्रकाश बाखला की 26 वर्षीय पत्नी कौशल्या बाखला भी वज्रपात के चपेट में आने से जख्मी हो गई। जिसे ग्रामीणों ने देशी नुस्का के तहत उपचार करने के बाद एंबुलेंस 108 से लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। इस संदर्भ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि अंचल क्षेत्र के अलग अलग गांव में वज्रपात से काफी नुकसान की सूचना प्राप्त हुआ है। पीड़ित किसान द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में जांचोपरत आपदा राहत कोष से पीड़ित को नुकसान कर भरपाई हेतु सहयोग राशि प्रदान किया जाएगा।

## तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात में दो घायल, एक रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
बुधवार की शाम बारिश के साथ दो स्थानों पर हुए वज्रपात में एक अधेड़ और पांच वर्षीय बच्ची घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी महिंदर राम 65 वर्ष पिता स्व गोकुल राम अपने खेत मे काम कर रहे थे तभी वज्रपात



के चपेट में आगये वहीं उमरी गांव में रामनाथ उरांव की 5 वर्षीय बेटी कृतिका कुमारी भी वज्रपात के चपेट में आ गयी। परिजनों द्वारा दोनों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद बच्ची को लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया।

# आंधी ने मचाया कहर, पीएम आवास सहित कच्चा मकान क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा यादव मुहल्ला में आंधी तूफान से आम पेड़ का विशाल डाली टूट कर अर्धनिर्मित पीएम आवास पर गिरा जिसे एल्वेस्टर का मकान सहित कच्चा मकान हुआ क्षतिग्रस्त। जर्जर मकान में घर वाले रहने को विवश। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में अंधी तूफान के कोहराम से पीएम आवास सहित गरीब परिवार का आशियाना क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बता दे कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित जंगल के समीप यादव मुहल्ला में अर्धनिर्मित पीएम आवास में आम का विशाल डाली टूट कर गिरने से घर में लगा एल्वेस्टर



क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे पीएम आवास लाभुक बिरसी उराँव पति चारो उराँव को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावे जर्जर कच्चा मकान में परिवार के साथ रहने को विवश है। वहीं जगरनाथ उराँव का भी एल्वेस्टर का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इतना ही नही ओला वृष्टि से कई किसान का फसल भी नष्ट होने की बात बताई जा रही है। वहीं पीड़ित परिवार सरकारी सहायत को लेकर उम्मीद लगाए बैठे है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचना प्राप्त होते ही उन्होंने निर्देश देते हुए राजस्व कर्मचारी को निरीक्षण कर रिपोर्ट कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा पीड़ित परिवार द्वारा प्राप्त आवेदन को संज्ञान लेते हुए आपदा राहत कोष से सहयोग राशि प्रदान कराने की बात कही गई है।

# लोहरदगा की बेटी जूही थाईलैंड में दिखाएगी जलवा

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो ।** प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो गांव निवासी जूही कुमारी कराटे चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने थाईलैंड जा रही हैं। बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो प्रखण्ड कार्यालय में मिलकर उसके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हौसला बढ़ाया एव प्रोत्साहन राशि देते हुए कहा कि कहा कि उम्मीद एव पूर्ण आशा है जूही कुमारी जिस तरह कि 20 से 22 मई तक देहरादून में आयोजित कराटे सलेक्शन शिविर में अपने हुनर का प्रदर्शन किया है उसी तरह थाईलैंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रौशन करेगी।उन्होंने कहा कि कैरो प्रखण्ड के लिए भी यह गौरव की बात है।हम सभी कामना करते हैं कि जूही कुमारी कराटे के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव,प्रखण्ड,जिला,प्रदेश, देश का नाम रौशन करें।मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव,सूरज उराँव आदि उपस्थित थे।

### ईंट निर्माण केंद्र का किया गया औचक निरीक्षण

**लोहरदगा।** उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर बुधवार को बाल श्रम के रोकथाम हेतु गठित विशेष धावा दल लोहरदगा द्वारा कुडू प्रखंड के चेटर व नवा टोली स्थित ईंट निर्माण केंद्र में बाल श्रमिक हेतु औचक निरीक्षण किया गया। दोनों ईंट भट्ठा लगभग एक माह से बंद है। भट्ठा संचालकों द्वारा बताया गया कि उनके भट्टे में बाल श्रमिकों से कार्य नहीं लिया जाता है। इस अभियान में दिनेश भगत श्रम अधीक्षक, वीरेंद्र कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी , संदीप कुमार गुप्ता श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बबीता कश्यप सदस्य बाल कल्याण समिति, मनोरंजन कुमार संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख, धीरेंद्र यादव लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान, हनुक कच्छप चाइल्ड लाइन, कूडू थाना के सब-इंस्पेक्टर सोनू चौधरी एवं पुलिस बल शामिल थे।

## नक्सल गतिविधियों व लॉ एंड ऑर्डर को लेकर थानेदारों को सख्त निर्देश

# एसपी आर रामकुमार ने की मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
समाहरणालय परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को एसपी आर रामकुमार की अगुवाई मे मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिले में अपराध की घटनाओं में रोक लगाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। इस दौरान गत माह में मिली पुलिस को सफलता पर भी समीक्षा की गई। वही नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार कार्रवाई करने सहित कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस महानिदेशक की वीडियो कॉफ्रेंस से मिले निर्देशों से अवगत कराते हुए उनकी अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। अपराध गोष्ठी में विगत माह जिले में घटित सभी संवेदनशील/ महिला उत्पीड़न /हत्या/ आपराधिक मामले चोरी,गृहभेदन,वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गई। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किये। महिला उत्पीड़न, एससी/एसएसटी के कांडो में शीघ्र कार्रवाई पूर्ण कर समय पर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने आदेश दिये। यातायात अधिनियम के अंतर्गत यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का भी आदेश दिए। एसपी ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने को लेकर रात्रि गश्ती में तेजी लाएं। उचित तरीके से प्रभावी नाकाबंदी कराई जाए। अवैध खनन, जुआ/शराबअड्डा को चिन्हित करते विशेष अभियान चला कर अधिक से अधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। अपराध गोष्ठी में पुराने लम्बित कांडो,लम्बित जमानतीय/ गैरजमानतीय वारंट/ कुर्की जब्ती, जांच प्रतिवेदन,चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट इत्यादि का समीक्षा के साथ ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

# हिंसक झड़प में दो गंभीर

**चैनपुर।** चैनपुर में मंगलवार की देर रात मनरेगा भेंडर अजमल खान उर्फ मंटू एवं सकील खान के गुटों में हुई खूनी संघर्ष में घायल हुए मुजम्मिल खान एवं उस्मान खान ने घटना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग मनरेगा में कार्य करते हैं और मंगलवार को लेबर पेमेंट करने के लिए कतारी कोना गांव गए हुए थे लौटने के दौरान जमगई गांव में एक दावत में शरीक हुए। जिसके बाद हम वापस चैनपुर लौट रहे थे इसी क्रम में पहले से घात लगाए बैठे शकील खान, सद्दाम खान सहित उसके लगभग 10 सहयोगी डहुडड गांव जंमगई मोड़ के पास हमें रोक कर हमसे गाली गलौज करने लगे। और कहने लगे आज हाथ लगे हो आज तुम लोग को मार डालेंगे। जिस समय वह लोग सभी हथियार से लैस थे शकील खान अपने हाथ में पिस्टल लिया हुआ था बाकी लोग तलवार, बलुवा, चापड़ सहित कई घातक हथियार लिए हुए थे। शकील खान अपनी टीम के साथ दबाव बनाकर हमसे मनरेगा का जॉब कार्ड मांगने लगा और कहने लगा कि अब हम लोग काम करायेंगे उधर का सारा जॉब कार्ड हमें दे दो। इस पर हम ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम लोग बहुत पहले से काम करा रहे हैं हम लोग जॉब कार्ड नहीं देंगे। इस पर वह लोग काफी उग्र हो गए अगर जॉब कार्ड नहीं दोगे तो जान से जाओगे कहते हुए हमारे ऊपर अंधाधुन वार करने लगे जिसमें हमारे दो साथी के शरीर को बेरहमी से काट दिया गया जो आज रांची मेडिका में जिंदगी और मौत के बीच लड़ रहे हैं। उन लोगों ने प्रशासन से आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। कुछ लोगों ने दबी आवाज ने यह भी कहा कि मनरेगा कार्य में चैनपुर में भेंडरो की शहंशाही चलती है। मनरेगा कर्मी के मिलीभगत से फर्जी तरीके से भेंडर का कार्य किया जाता है। भेंडर का कार्य करने के लिए जो सरकारी गाइडलाइन है इसे दरकिनार कर कार्य किया जाता है मनरेगा वेंडरों के पास ना तो स्थाई दुकान है ना ही मैटेरियल सप्लाई के लिए अन्य कोई व्यवस्था। विभागीय कर्मियों व अधिकारियों की मिलीभगत से मनरेगा में यह खेल बदस्तूर चल रहा है जो आज खूनी संघर्ष के अंजाम तक पहुंच चुका है। समय रहते इसे नहीं रोका गया तो यह और भी बड़ा रूप ले सकता है और भी कई जगह हिंसक झड़प हो सकती है।

### वर्चस्व की लड़ाई खूनी संघर्ष में बदली, 6 घायल


**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के डहु डडगांव के पास मंगलवार रात लगभग 8 बजे दो पक्ष अजमल खान उर्फ मंटू पिता मो.रज्जाक खान एवं सकील खान पिता अजबुल खान के बीच पूर्व से ही चल रहे विवाद को लेकर हुई वर्चस्व की लड़ाई हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों के 20 से ज्यादा लोगों के बीच जमकर लाठी-डंडे और तलवारे चली। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि इस झड़प के दौरान पिस्टल भी लहराया जा रहा था। इस घटना में 6 से अधिक लोग घायल हो गए। जिसमें कलिंदर खान एवं नादिमुल्ला खान की गंभीर स्थिति को देखकर गुमला रेफर किया गया जहां से दोनों घायलों को रांची रेफर कर दिया गया। दोनों की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। यह मामला दो मनरेगा भेंडर अजमल खान व शहनाज खान के बीच का है। इन दोनों का गुट अपने अपने इलाके में वर्चस्व कायम करना चाह रहे थे। इस मामले को लेकर पुलिस अभी तक 5 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वह घटना में संलिप्त और लोगों की पुलिस तलाश कर रही हैं। इधर खूनी संघर्ष होने के बाद दोनों पक्षों के द्वारा राजनीतिक स्तर पर सहयोग के लिए लाव लसकर घंटों तक चली। चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भी दोनों पक्षों में काफी देर तक तू तू मैं मैं होता रहा। पुलिस ने सूझबूझ के साथ एक पक्ष के घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया वहीं दूसरे पक्ष के घायलों को चैनपुर बस स्टैंड स्थित लाइफलाइन हॉस्पिटल में उपचार कराया गया।

## मांग | जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन सांसद खीरु महतो ने कहा

# बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी शराबबंदी लागू हो

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जनता दल यूनाइटेड का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान जदयू कार्यकताओं में जोश व उत्साह का संचार किया गया। लोहरदगा में जदयू को जमीनी स्तर पर मजबूर करने की दिशा में कारगर उपाय करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपस्थित जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद बिहार खीरु महतो ने जदयू कार्यकताओं में जोश व उत्साह भरने का कार्य किया। बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी चुनाव लड़ने के लिए जमीन मजबूत करने की रणनीति बनाई। कहा कि जदयू जमीनी स्तर की पार्टी है। यहाँ पार्टी में कार्यकताओं को बराबर का सम्मान मिलता है। पार्टी के लिए मुख्य रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं।




इसलिए कार्यकताओं का मान सम्मान हमारी पार्टी के लिए सर्वोपरि है। कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी नीतीश फॉमूर्ला पर चुनाव लड़ा जाएगा। झारखंड की सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा। वर्ष 2024 के चुनाव में महागठबंधन के तहत चुनाव लड़ा जाएगा और भाजपा को उखाड़ फेंकने का कार्य किया जाएगा। लोहरदगा की धरती पर मैं पहली बार आया हूँ। कहा कि जदयू को लोहरदगा समेत पूरे झारखंड में मजबूत किया जाएगा। हमारे सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के नीति सिद्धान्त को जन जन तक पहुचाया जाएगा। राज्य सभा सांसद श्री महतो ने कहा कि झारखंड में जदयू जन-जन तक पहुंचने का काम करेगी। झारखंड में जदयू को मजबूत करने का काम शुरू कर दिया गया है। झारखंड में जदयू को नंबर एक पर पहुंचाना ही एकमात्र लक्ष्य है। झारखंड में अबतक नियोजन नीति नहीं बनना दुर्भाग्यपूर्ण है। आज ठीक तरीके से नियोजन नीति नहीं बनने के कारण लोगो को लाभ नहीं मिल पा रहा है। बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी शराबबंदी लागू करने की मांग जदयू करती है। इससे पूर्व लोहरदगा पहुचने पर जदयू कार्यकर्ताओ ने सांसद खीरु महतो का भव्य स्वागत किया। ढोल नगाड़ों की गूंज के बीच उन्हें बैंक्वेट हॉल तक ले जाया गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर से खीरु महतो समेत अन्य नेताओं पर पुष्प वर्षा किया गया। मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, महासचिव भगवान सिंह, उपेंद्र सिंह, बैजनाथ पासवान, अभय महतो, संजय सिंह, लोहरदगा जिलाध्यक्ष सहदेव खाखा, प्रकाश महतो, मनोज मिश्रा, अधिवक्ता गौतम देवघरिया, अधिवक्ता फताऊरहमान, सुरेश महतो, अनवर अंसारी, हसीबुल अंसारी, अजित महतो, रामवतार महतो, रामचन्द्र उरांव, सौरव उरांव, सहोदरी देवी, अस्थर लकड़ा, सुनीता उरांव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### शेयर बाजार ने बनाया नया रिकार्ड

# सेंसेक्स 63,588 अंक के साथ उच्चस्तर पर पहुंचा




**एजेंसी। मुंबई**

एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 63,588 I31 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 146 अंक की बढ़त के साथ 63,473.70 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुरूआती कारोबार में 37 अंक की बढ़त के साथ 18,853.70 अंक पर था। बाद में सेंसेक्स 260.61 अंक के उछाल के साथ 63,588.31 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले साल एक दिसंबर को दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 63,583.07 अंक का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, विप्रो, एचडीएफसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टाइटन, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लाभ में थे। वहीं टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर नुकसान में थे। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और स्थानीय शेयर बाजारों से विदेशी कोषों की निकासी के बीच बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया एक पैसे टूटकर 82 I10 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपये की धारणा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82 I13 प्रति डॉलर पर कमजोर खुलने के बाद 82.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया Iबाद में यह एक पैसे के नुकसान से 82.10 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। मंगलवार को रुपया 82.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 102.57 पर था। ब्रेंट कच्चा तेल 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.10 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था।

# टोयोटा ने वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट के साथ की साझेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



रिलायंस जियो और एयरटेल की बदौलत 5जी रोलआउट के चलते भारत मई के महीने में ग्लोबल लेवल पर मीडियन मोबाइल स्पीड के मामले में तीन पायदान चढ़कर अप्रैल में 59वें स्थान से 56वें स्थान पर पहुंच गया। नेटवर्क इंटेलिजेंस और कनेक्टिविटी इनसाइट्स प्रोवाइडर ऊकला के अनुसार, भारत में मीडियन मोबाइल डाउनलोड स्पीड अप्रैल में 36.78 एमबीपीएस से बढ़कर मई में 39.94 एमबीपीएस हो गई। हालांकि मीडियन फिक्स्ड ब्रॉडबैंड स्पीड में भारत ग्लोबल रैंकिंग में एक स्थान नीचे आ गया, अप्रैल में 83वें स्थान से मई में 84वें स्थान पर। फिक्स्ड मीडियन डाउनलोड स्पीड में देश का परफॉर्मेंस अप्रैल में 51.12 एमबीपीएस से मामूली वृद्धि के साथ मई में 52.53 एमबीपीएस हो गया। यूएई में ग्लोबल मीडियन मोबाइल स्पीड सबसे ज्यादा रहा, जबकि मॉरीशस ने 11 रैंक की छलांग लगाई। समग्र ग्लोबल फिक्स्ड मीडियन स्पीड के लिए, बहरीन ने रैंक में उच्चतम वृद्धि दर्ज की। ग्लोबल लेवल पर 17 स्थानों की छलांग लगाई, साथ ही सिंगापुर इस महीने भी पहले स्थान पर रहा। चिप बनाने वाली कंपनी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टियानो अमोन ने कहा, क्वालकॉम भारत में लाखों निवासियों की सेवा के लिए रिलायंस जियो के सहयोग से 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) को चालू कर रहा है।

# भारत में माइक्रोन के 270 करोड़ के निवेश को मंजूरी




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सरकार ने अमेरिका की चिप कंपनी माइक्रोन की देश में 2 I7 अरब डॉलर (भारतीय करेंसी अनुसार 270 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ सेमीकंडक्टर परीक्षण और पैकेजिंग इकाई स्थापित करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस परियोजना से 5,000 नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है Iएक सूत्र ने परियोजना के ब्योरे की पुष्टि करते हुए कहा, ह्यइसे लगभग एक सप्ताह पहले मंजूरी दी गई Iह्व माइक्रोन कंप्यूटर मेमोरी उत्पाद, फ्लैश ड्राइव आदि में विशेषज्ञता रखती है। यह भारत में एक ओएसएटी (आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) संयंत्र स्थापित करेगी। जो इसके उत्पाद को उपयोग के लिए तैयार करने के लिए परीक्षण और पैकेजिंग करेगा। सरकारी सूत्र के अनुसार, माइक्रॉन का यह प्रस्तावित प्लांट पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात में लगेगा। इस समझौते के तहत अमेरिकी चिप कंपनी को 1 I34 बिलियन डॉलर के प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (ढछक) का भी लाभ मिलेगा। सूत्र का कहना है कि इंसेंटिव पैकेज के साइज के चलते इसके लिए कैबिनेट की मंजूरी की जरूरत थी Iपहले चरण में सरकार ने चार ओएसएटी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें टाटा समूह, सहस्त्रा सेमीकंडक्टर्स के प्रस्ताव शामिल है। एक अन्य सूत्र ने कहा, ह्यसहस्त्रा सेमीकंडक्टर्स पहला ओएसएटी संयंत्र है, जिसके जल्द ही उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है Iह्व इस बारे में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और माइक्रोन से तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। आपको बता दें कि सेमीकंडक्टर आमतौर पर सिलिकॉन चिप्स होते हैं।

# मैटर मोटर वर्क्स ने अपनी ऐरा मोटरबाइक्स के लिए एयरटेल के साथ साझेदारी की

**रांची।** टेक्नोलॉजी बेस्ड स्टार्टअप मैटर मोटर वर्क्स और भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल ने आज भारत की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरबाइक, मैटर ऐरा में एयरटेल के आईओटी सॉल्यूशंस का प्रयोग करने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत, एयरटेल मैटर ऐरा बाइक्स को एडवांस्ड ऑटोमोटिव ग्रेड ई-सिम्स से सक्षम बनाएगा। इन बाइक्स की प्री-बुकिंग 17 मई से शुरू हो चुकी है। पहले चरण में, 60,000 मैटर बाइक्स को उन्नत आईओटी सुविधाओं वाले एयरटेल ई-सिम्स से सक्षम किया जाएगा, जो एयरटेल के पैन-इंडिया सुपीरियर नेटवर्क पर एक स्मार्ट और कनेक्टेड अनुभव प्रदान करेगा। मैटर की अगले तीन वर्षों में ऐसी 300,000 से अधिक बाइक बनाने की योजना है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

(E-MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ............................../ लोहरदगा, दिनांक ............................../

### प्रेस विज्ञप्ति

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि उमर शाह, थाना चौक, लोहरदगा को अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, राँची के पत्रांक 172 दिनांक 14.02.2023 द्वारा आवंटित कार्य कैरो प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम खरता में खरता ठोकरा गढ़ा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य का एकरारनामा करने हेतु इस कार्यालय का पत्रांक 233 दिनांक 09.03.2023, पत्रांक 397 दिनांक 03.05.2023, पत्रांक 444 दिनांक 16.05.2023 द्वारा पत्राचार किया गया जो संवेदक के निबंधन पते पर पहुँचा।

पुनः इस कार्यालय के पत्रांक 450 दिनांक 22.05.2023, पत्रांक 476 दिनांक 01.06.2023 एवं पत्रांक 495 दिनांक 06.06.2023 द्वारा लिखित तथा डाकवाहक से संबंधित संवेदक को उनके निबंधन पर अंकित पते पर पत्राचार किया गया जो वापस आ गया। दूरभाष पर निदेश एवं पत्राचार की वापसी संवेदक का एकरारनामा करने के प्रति उदासीनता का परिचायक है।

अतःएव अंतिम रूप से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि कैरो प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम खरता में खरता ठोकरा गढ़ा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य कार्य एकरारनामा एक (01) सप्ताह के अन्दर प्रमण्डलीय कार्यालय में उपस्थित होकर एकरारनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। इसे अंतिम स्मार समझा जाय। उक्त कार्य का एकरारनामा एक (01) सप्ताह तक पूर्ण नही होने की स्थिति में आपके द्वारा जमा अग्रधन की राशि को जब्त करते हुए आपके निबंधन को काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जाएगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 300528 (Lohardaga) 23-24 (D)

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 (जिला भू–अर्जन शाखा)
Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित) **Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98
(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–सड़मा, थाना–हरिहरगंज, थाना नं0–102
पत्रांक– 367(A)/भू0अ0, दिनांक– 19.06.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सड़मा | 73 | 279 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टाड़ मकान | 0.1200 | 1 | अरूण कुमार सिंह पिता राम विजय सिंह | |
| | | | | | कुल | 0.1200 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR300565 (Palamu)23-24*D

## झारखण्ड सरकार
## कृषि पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)

कार्यालयः-अनुमण्डल -सह- जिला कृषि पदाधिकरी, चतरा
(जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज चतरा)

### (किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)

चतरा जिलें के सभी किसानों भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बैंग अधिकतम खूदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है:–

(In Rs.)

| S.L N0 | Company | UREA Ind/Imp. | DAP Ind/Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | Complex 12:32:16 | Complex 16:16:16 | Complex 14:28:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.5 | 1350 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | Yara | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/ KRIBHCO | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.5 | 1350 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550 |
| 6 | IPL | 266.5 | 1350 | 1700 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATRIX | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट :– Urea की प्रति बोरी 45 Kg Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Packsize होती है।

(2.) यदि किसी भी खूदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धरित MPR से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय तपेज चतरा तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय उ0 छो0 परि0 हजारीबाग में इस की शिकायत की जा सकती है।

(3.) यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर– अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रंण आदेश 1985 के तहत सख्त कर्रवाई की जायेगी।

अनुमण्डल –सह– जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा

PR 300520 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (23-24)_D

आज़ादी का अमृत महोत्सव | सत्यमेव जयते Government of India | G20

## सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

**राष्ट्रीय ड्रग की मांग में कटौती (एनएपीडीडीआर) कार्य योजना स्कीम के अंतर्गत जिला नशा–मुक्ति केंद्रों की स्थापना हेतु पात्र संगठनों से रुचि की अभिव्यक्ति–सह–प्रस्ताव हेतु आमंत्रण।**

पात्र संगठन देश के 381 गैप जिलों में संबंधित जिला कलेक्टरों के सहयोग से जिला नशा–मुक्ति केंद्रों की स्थापना/प्रबंधन करेंगे। पात्र एनजीओ डीडीएसी हेतु आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि वे एनएपीडीडीआर स्कीम के दिशा–निर्देशों के मानकों के अनुसार डीडीएसी की स्थापना हेतु किराया मुक्त आवास उपलब्ध करा दें। इन 381 जिलों में से 12 जिलों में संबंधित जिला प्रशासनों द्वारा किराया मुक्त आवास उपलब्ध कराया जाएगा। (ये 12 जिले इस प्रकार हैं: 1. अरुणाचल प्रदेश के चैंगलैंग तथा लोहित जिले 2. जामनगर, गुजरात 3. झारखंड के चतरा और गुमला जिले 4. मल्लापुरम, केरल 5. जम्मू और कश्मीर के पुंछ, कठुआ तथा शुपियां जिले 6. वोखा, नागालैंड 7. त्रिपुरा का दक्षिण त्रिपुरा जिला 8. अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड)

इच्छुक संगठन पात्रता शर्तों, डीडीएसी की भूमिका, वित्तीय मानदण्ड, चयन प्रक्रिया तथा अन्य संबद्ध ब्यौरों की जानकारी के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की वेबसाइट (www.socialjustice.nic.in) तथा ई–अनुदान (https://grants-msje.gov.in/ngo-login) का अवलोकन करें। प्रस्ताव मंत्रालय के ई–अनुदान पोर्टल पर प्रस्तुत कराए जाएंगे। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 19.07.2023 है।

ई–अनुदान पोर्टल:
(https://grants-msje.gov.in/ngo-login)

cbc 38101/11/0005/2324

## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

### ई–निविदा, अति अल्पकालीन पुर्निनिविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)

निविदा संख्या – 01/2023–24 दिनांक 17.06.2023

| क्र0सं/ ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रखण्ड किस्को अन्तर्गत पाखर पंचायत भवन की मरम्मति एवं उपरी तल निर्माण कार्य | किस्को | 3649000.00 | 5000.00 | 73000.00 | 06 (छः) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 23.06.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 28.06.2023/05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 01.07.2023/02:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 01.07.2023/04:00 बजे अपराह्न में |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा

PR 300503Lohardaga(23-24)#D

## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 02/2023–24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में जून 2023 से मार्च 2024 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 27.06.2023 को पूर्वा0 11.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | ग्रामीण बैंक के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 240000.00 | 24000.00 |
| 02 | बैल बाजार के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 140000.00 | 14000.00 |
| 03 | जंगीपुर मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 60000.00 | 6000.00 |
| 04 | बस स्टैंड, नगर उंटारी की बंदोबस्ती | 600000.00 | 60000.00 |
| 05 | मंगलवारीय हाट/ बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 200000.00 | 20000.00 |
| 06 | प्रतिदिन हाट/बाजार (शेड) सैरात की बंदोबस्ती | 350000.00 | 35000.00 |
| 07 | प्रतिदिन हाट/बाजार (बिना शेड) सैरात की बंदोबस्ती | 350000.00 | 35000.00 |
| 08 | सड़क किनारे ठेला/गुमटी आदि की बंदोबस्ती | 500000.00 | 50000.00 |

बोली/डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 300505 Urban Development(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०–02, गढ़वा

### अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/20/2022-23(RE-2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | गढ़वा जिला के भवनाथपुर प्रखण्ड में ग्राम–रपुरा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/ 20/2022_23_Gr.-03 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –22.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–22.06.2023 से दिनांक–04.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–22.06.2023 से 07.07.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. **निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–**
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझाी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR.NO.300495 Rural Development(23-24):D

## कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) -सह- उपायुक्त, पलामू

Tel. No. (Election Office) – 06562-231046 E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

### आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2023 के तहत पलामू जिलान्तर्गत अवस्थित नगरपालिकाओं यथा – मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग–ख), छतरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में आम निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना है। राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार जिलान्तर्गत अवस्थित सभी नगरपालिकाओं के लिए प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) उस वार्ड के लिए चयनित मतदान केन्द्रों के अनुसार मतदाता सूची तैयार की गयी है, जिसका प्रारूप प्रकाशन निम्न विवरण अनुसार किया गया है –

| नगरपालिका का नाम | प्रारूप प्रकाशन की तिथि | निरीक्षण हेतु समय एवं स्थानों का नाम, जहाँ मतदाता सूची (प्रारूप) रखी गयी है। | दावा एवं आपत्ति देने की अंतिम तिथि | दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं उनके निष्पादन कार्य हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) के स्तर से प्राधिकृत पदाधिकारी का ब्यौरा (नाम, पदनाम, कार्यालय आदि) |
|---|---|---|---|---|
| मेदिनीनगर नगर निगम | 19.06.2023 | समय :– प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक। (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) स्थान – जिला निर्वाचन कार्यालय/सम्बन्धित अनुमण्डल कार्यालय/ अंचल कार्यालय, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालय एवं सभी वार्ड कार्यालयों में। | 01.07.2023 | श्री झून्नू कुमार मिश्रा, अंचल अधिकारी, सदर मेदिनीनगर। (अंचल कार्यालय, सदर मेदिनीनगर) (वार्ड नं0 01 से 30 हेतु) मो0नं0–7991177546; श्री संजय कुमार बाखला, अंचल अधिकारी, चैनपुर। (अंचल कार्यालय, चैनपुर) वार्ड नं0 31 से 35 हेतु। मो0नं0–7033404997 |
| विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग–ख) | 19.06.2023 | | 01.07.2023 | श्री विक्रम आनन्द, अंचल अधिकारी, विश्रामपुर (अंचल कार्यालय, विश्रामपुर) मो0नं0–7992331677 |
| छतरपुर नगर पंचायत | 19.06.2023 | | 01.07.2023 | मो0 मोदस्सर नजर मंसूरी, अंचल अधिकारी, छतरपुर। (अंचल कार्यालय, छतरपुर) मो0नं0–7903098725 |
| हुसैनाबाद नगर पंचायत | 19.06.2023 | | 01.07.2023 | श्री नन्द कुमार राम, अंचल अधिकारी, हुसैनाबाद। (अंचल कार्यालय, हुसैनाबाद) मो0नं0–6207210528 |
| हरिहरगंज नगर पंचायत | 19.06.2023 | | 01.07.2023 | श्री बासुदेव राय, अंचल अधिकारी, हरिहरगंज (अंचल कार्यालय, हरिहरगंज) मो0नं0–9931878255 |

प्रारूप प्रकाशन की अवधि में संबंधित नगरपालिका क्षेत्र में निवास करने वाले वैसे व्यक्ति, जिन्हें मतदाता सूची में प्रविष्ट किये गये अपने विवरण अथवा निवास स्थान संबंधी कोई आपत्ति हो तो वे क्रमशः प्रपत्र 'क' (परिशिष्ट–1) एवं 'ख' (परिशिष्ट–2) में अपनी आपत्ति उपरोक्त कॉलम 5 में प्राधिकृत पदाधिकारी के समक्ष अथवा उनके द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक/कर्मी को समर्पित कर सकते है। परिशिष्ट 3 में प्रपत्र–क एवं प्रपत्र–ख में दिए गये दावा/आपत्ति की सुनवाई हेतु निर्धारित स्थान एवं तारीख की सूचना प्राप्ति की पावती रसीद आवेदक द्वारा कार्यालय को दी जायगी इसके अतिरिक्त प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in पर भी किया जा सकता है।

ह0/– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू

PR 300498 Palamu (23-24)_D

**ज्ञान की बात**

**'आप किसी काम में कितने समर्थ है, यह आपको कोई और नहीं बता सकता, क्यों कि स्वयं को जितना अच्छा आप जानते हो, कोई और जान ही नहीं सकता।'**

**- अज्ञात**



# बालू पर राजनीति

***जहां*** एक ओर भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है। दूसरी तरफ पानी की मारामारी से पूरा प्रदेश त्रस्त है। वहीं बालू पर प्रतिबंध के बाद चारो तरफ निर्माण कार्य बंद हैं। बालू उठाव को लेकर राजनीतिक पैतरेबाजी भी जारी है। ऐसे में बालू पानी से अलग होकर भी अपनी उपयोगिता बता रहा है। कोई भी निर्माण के कार्य इसके बगैर संभव नहीं हैं। ऐसे में जहां एक ओर बालू माफिया मौके का इंतजार कर रहे हैं। वहीं आम आदमी बालू की किल्लत से दो चार हो रहा है। मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी का दंश झेल रहे मजदूर समीप के नदी से बोरे में भरकर बालू बेच रहे हैं। स्टोर बालू के भंडारण से तीन से चार हजार में बालू धड़ल्ले से बीक रहे हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बीच का रास्ता निकाले। ऐसा नहीं होने पर हो सकता है आने वाले दिनों में बालू को लेकर एक नई राजनीति की शुरूआत हो। इस मामले में खूनी खेल से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जैसा कि मझिआंव में देखने को मिला। अवैध रूप से बालू उठाव की सूचना पर बिना थाने को सूचना दिए अपने दो निजी चालकों के साथ छापामारी करने गए सीओ राम जी प्रसाद गुप्ता पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। यह घटना बताने के लिए काफी है कि बालू को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में सवाल उठता है बगैर पुलिस को सूचना दिये बगैर सीओ ने जो काम किया वह सही था। ट्रेक्टर का जिस तरह पीछा करते हुए सीओ का गांव में पहुंचना यह दर्शाता है कि वह इलाके के आक्रोश को नहीं समझते थे। या और कोई बात है। सीओ उसका पीछा करते हुए उत्तर वारा टोला बूढ़ी खाड़ तक चले गए। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उनपर हमला बोल दिया। इस बाबत ग्रामीणों का कहना है कि बांकी नदी से अनवरत हो रही अवैध बालू की ढुलाई में कई ट्रैक्टर लगे हुए थे, जिन्हें नहीं पकड़कर सीओ ने एक खास ट्रैक्टर का पीछा किया। ऐसा होता देख ग्रामीणों ने उग्र रूप धारण कर लिया। ऐसे में कहा जा सकता है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर सीओ किसी एक खास व्यक्ति के बहकावे में कहीं यह कार्य तो नहीं कर रहे थे। हालांकि यह जांच का विषय है। बावजूद अंदेशा के बाजार में अगर ऐसी चर्चा होती है तो बेकार भी नहीं है। कारण आक्रोशित भीड़ ने सीओ पर यह कहते हुए हमला बोल दिया कि बालू वाले को क्यों नहीं पकड़ते। ग्रामीणों के हमले में सीओ बाल-बाल बचे । लेकिन प्रखंड क्षेत्र के पूरहे गांव से दो चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को को सीओ साथ में लेकर गये थे। दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार जारी है। सीओ को सर्वप्रथम छापेमारी के लिए पुलिस को सूचना देनी चाहिए थी। ऐसा नहीं कर जहां वह एक ओर अपना मजाक बनाये,वहीं अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी के बाद अपने लिए भी सुरक्षा की बाबत खतरा मोल लिए हैं। सीओ ने इस मामले में मझिआंव थाना में बूढ़ी खाड़ गांव के 30 से 40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस बात की पुष्टि थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने की है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अवैध बालू का उठाव इस घटना के बाद रूक जायेगा। यह कदापि नहीं होने जा रहा है। कारण लगातार अवैध बालू का उठाव रात के अंधेरे में जारी है। बालू पर जितनी सख्ती बरती जा रही है, देखा जा रहा है वह और बेलगाम होता जा रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इस गंभीर मुद्दे के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई करे।

**बेरोजगारी का दंश झेल रहे मजदूर समीप के नदी से बोरे में भरकर बालू बेच रहे हैं। स्टोर बालू के भंडारण से तीन से चार हजार में बालू धड़ल्ले से बीक रहे हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बीच का रास्ता निकाले।**

# क्यों आवश्यक है समान नागरिक संहिता?






ललित गर्ग

***आजादी*** के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये अपूर्व वातावरण बन रहा है, इसके लिये वर्तमान में समान नागरिक कानून की चर्चा बहुत ज्यादा है। यह भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने 14 जून 2023 को राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव 30 दिनों के अंदर आमंत्रित किये हैं। विधि आयोग द्वारा समान नागरिक संहिता को लेकर सुझाव आमंत्रित किये जाने के बाद इस पर बहस एक बार फिर से उग्र रूप से शुरू हो गई है। समान नागरिक संहिता यानि यूनिफॉर्म सिविल कोड में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। समान नागरिक संहिता को लेकर भी एक ऐसा फोबिया बन गया है जिससे देश की सियासत को धर्मों में बांटने की कोशिशें की जा रही हैं। सियासत में ध्रुवीकरण की राजनीति जमकर हो रही है। बेहतर यही होगा कि मुस्लिम समाज अपनी गलतफहमियों को दूर करे। यद्यपि भारतीय संविधान में सभी को अपना धर्म मानने और उसका प्रचार करने की आजादी दी गई है। मजहब भले ही अलग-अलग हों लेकिन देश एक है। ऐसे में यह सवाल उठना भी लाजमी है कि एक देश में अलग-अलग धर्मों के हिसाब से अलग-अलग कानून कैसे औचित्यपूर्ण हो सकते हैं, फिर बवाल क्यों? देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाय तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आये, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गये। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। भारत विविधताओं से भरा देश है। यहाँ विभिन्न पंथों व पूजा पद्धतियों को मानने वाले लोग रहते हैं। इन सबके शादी करने, बच्चा गोद लेने, जायदाद का बंटवारा करने, तलाक देने व तलाक उपरांत तलाकशुदा महिला के जीवनयापन हेतु गुजारा भत्ता देने आदि के लिए अपने-अपने धर्मानुसार नियम, कायदे व कानून हैं। इन्हीं नियमों, कायदे व कानूनों को पर्सनल लॉ कहते हैं। अंग्रेज जब भारत आए और उन्होंने यह विविधता देखी, तो उस समय उन्हें लगा पूरे देश को सुचारुरूप से चलाने के लिए एक समान नागरिक आचार संहिता बनानी आवश्यक है। जब उन्होंने ऐसा करने की कोशिश की तो हर धर्मों के लोगों ने इसका विरोध किया। ऐसे में उन्होंने लम्बे समय तक यहाँ अपने पांव जमाये रखने के लिए किसी से उलझना ठीक नहीं समझा। इन परिस्थितियों में 1860 में उन्होंने इंडियन पैनल कोड तो लागू किया पर इंडियन सिविल कोड नहीं। यानि एक देश-एक दंड संहिता तो लागू की, लेकिन एक देश-एक नागरिक संहिता लागू करने का जिम्मेदारी एवं साहसपूर्ण काम नहीं किया। उसके बाद बनी सरकारों ने तो अंग्रेजों की सोच एवं नीतियों का ही अनुसरण किया, इसलिये वे भी अपने राजनीतिक हितों के लिये इसे लागू नहीं किया। जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए ऐसे राष्ट्रहित के निर्णय लेकर राष्ट्र को नया उजाला एवं सांसें दी है। आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर रहा है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन में होता है। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद में बिल पास कराया था। इस कानून के समर्थकों का मानना है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति पर भी असर पड़ेगा और राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर सकेंगे और वोटों का ध्रूवीकरण नहीं होगा।

**राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता।**

**इन दिनों**

**बोधि वृक्ष**

## *आईये सुने भगवान लक्ष्मण की कथा*

***सासु*** ने कहा ये सब तू कहा से लाइ। माँ सीता से राम कथा सुनी ये इसी का फल हे सासुजी ने कहा प्रतिदिन राम कथा सुन आना बाई को रामकथा सुनते बहुत दिन हो गये तब उसने माँ सीता से पूछा इसका उद्यापन विधि बतलाओ तब सीता जी ने कहा सात लड्डु लाना , एक नारियल लाना उसके सात भाग करना , एक भाग मन्दिर में चढ़ाना जिससे मन्दिर बनवाने जितना फल होता है। एक भाग सरोवर के किनारे गाड देना जिससे सरोवर खुदवाने जितना फल होता है। एक भाग भगवद्गीता पर चढ़ाना जिससे भगवद्गीता पाठ करवाने जितना फल होगा। एक भाग तुलसी माता पर चढ़ाना जिससे तुलसी विवाह जितना फल होगा। एक भाग कंवारी कन्या को देवे जिससे कन्या विवाह जितना फल होगा। एक भाग सूरज भगवान को चढाना जिससे तैतीस करौड देवी देवता को भोग लगाने जितना फल होगा। अब उसने विधि पूर्वक उद्यापन कर दिया। माता सीता के पास आई माता मेने तो विधिपूर्वक उद्यापन कर दिया । अब सात दिन बाद वैकुण्ठ से विमान आयेगा। सात दिन पुरे हुए विमान आया तो बहूँ ने कहा सासुजी स्वर्ग से विमान आया हैं तब सासुजी ने कहा बहूँ तेरे ससुरजी को मेरे को भी ले चल, तेरे माता पिता को ले चल सारे कुटुंब परिवार को ले चल, अड़ोसी पड़ोसी को ले चल बहूँ ने सबको बिठा लिया पर विमान खाली था। थोड़ी देर में उसकी नन्द आई और देखते ही देखते विमान भर गया तब बहूँ ने कहा माँ सीता नन्द बाईसा को भी बिठा लो पर माँ सीता ने कहा इसने कभी कोई धर्म पुण्य नहीं किया। तब बहूँ ने कहा बाईसा आप पहले कार्तिक मास में राम लक्ष्मण की कथा सुनना उसके बाद आप के लिए वैकुण्ठ से विमान आयेगा। गाँव के सरे लोग एकत्र हो गये और पूछने लगे बाई तूने ऐसा कौनसा धर्म पूण्य किया।

*(क्रमशः)*

# नेताजी जीवित होते तो देश का बंटवारा न होने देते



आर.के. सिन्हा

***क्या*** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवित होते तो पाकिस्तान कभी बन पाता? यह बहस लंबे समय से चल रही है। इस विषय पर इतिहासकारों और विद्वानों में मतभेद भी रहे हैं। अब इस बहस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हो गये हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि 'अगर नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिंदा होते तो भारत का बंटवारा नहीं होता।' क्या वे मोहम्मद अली जिन्ना को समझा पाते कि भारत के बंटवारे से किसी को कुछ लाभ नहीं होगा? यह सवाल अपने आप में काल्पनिक होते हुए भी महत्वपूर्ण हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवनकाल में ही अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान का प्रस्ताव पारित किया था। जिन्ना ने 23 मार्च, 1940 को लाहौर के बादशाही मस्जिद के ठीक आगे बने मिन्टो पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी घनघोर सांप्रदायिक सोच को प्रकट कर दिया था। जिन्ना ने सम्मेलन में अपने दो घंटे लंबे बेहद आक्रामक भाषण में हिन्दुओं को पानी पी-पीकर कोसा था। कहा था- 'हिन्दू-मुसलमान दो अलग धर्म हैं। दो अलग विचार हैं। दोनों की परम्पराएं और इतिहास अलग हैं। दोनों के नायक अलग हैं। इसलिए दोनों कतई साथ नहीं रह सकते।' जिन्ना ने अपनी तकरीर के दौरान लाला लाजपत राय से लेकर दीनबंधु चितरंजन दास तक को अपशब्द कहे। बेशक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जिन्ना के भाषण के अंश पढ़े होंगे। डोभाल यह भी कहते हैं, 'नेताजी ने अपने जीवन में कई बार साहस दिखाया। उनके अंदर महात्मा गांधी को चुनौती देने का साहस भी था। वह भी तब जबकि महात्मा गांधी अपने राजनीतिक जीवन के शीर्ष पर थे। फिर बोस ने गाँधीजी के उम्मीदवार को भरी बहुमत से हरा कर कांग्रेस छोड़ दी थी।' डोभाल ने आगे कहा, 'मैं अच्छा या बुरा नहीं कह रहा हूं, लेकिन भारतीय इतिहास और विश्व इतिहास के ऐसे लोगों में बहुत कम समानताएं हैं, जिनमें धारा के खिलाफ बहने का साहस था और आसान नहीं था।' सुभाषचंद्र बोस के रहते भारत का विभाजन नहीं होता। इस मसले पर बहस होती रहेगी। जिन्ना ने कहा था कि मैं केवल एक नेता को स्वीकार कर सकता हूं और वह सुभाष चंद्र बोस हैं। नेताजी के महान प्रयासों पर कोई संदेह नहीं कर सकता, महात्मा गांधी भी उनके प्रशंसक थे क लेकिन लोग तो अक्सर आपके परिणामों के माध्यम से आपको आंकते हैं। तो क्या सुभाष चंद्र बोस का पूरा प्रयास व्यर्थ गया। इतिहासकार तो नेताजी के प्रति घोर निर्दयी रहे हैं। पाकिस्तानी लेखक फारूक अहमद दार ने अपनी किताब 'जिन्नाज पाकिस्तानः फोरमेशन एंड चैलेंजेस' में लिखा है कि मुस्लिम लीग के पाकिस्तान के हक में प्रस्ताव पारित करने के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से जिन्ना से आग्रह किया था कि वे अलग देश की मांग को छोड़ दें। उन्होंने जिन्ना को भारत के आजाद होने के बाद पहला प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव भी दिया था। कुछ इस तरह का प्रस्ताव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सी. राजागोपालचारी ने भी जिन्ना को दिया था। जाहिर है कि जिद्दी जिन्ना ने नेताजी की पेशकश पर सकारात्मक उत्तर नहीं दिया। जिन्ना तो भारत को तोड़ने पर आमादा था। इसके बाद का इतिहास सबको मालूम है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस पेशावर के रास्ते देश से अफगानिस्तान के रास्ते बाहर चले गए, भारत को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्ति दिलवाने के लिए। वे दुनिया के अनेक देशों में रहे। उन्होंने वीर सावरकर और रसबिहारी बोस की प्रेरणा से आजाद हिन्द फौज का गठन किया। जाहिर है कि देश से बाहर जाने के बाद वे जिन्ना या मुस्लिम लीग की गतिविधिवियों से लगभग दूर हो गये। अफसोस कि उनकी एक विमान हादसे में 1945 में मृत्यु हो जाती है।

**सुभाषचंद्र बोस के रहते भारत का विभाजन नहीं होता। इस मसले पर बहस होती रहेगी। जिन्ना ने कहा था कि मैं केवल एक नेता को स्वीकार कर सकता हूं और वह सुभाष चंद्र बोस हैं।**

**देश-विदेश**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# गीता प्रेस गोरखपुर : देश ऋणी है तुम्हारा



डॉ. रामकिशोर उपाध्याय

***गीताप्रेस*** गोरखपुर को निःस्वार्थ सेवा के सौ वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार द्वारा गाँधी शांति पुरस्कार (2021) दिये जाने की घोषणा से देश-विदेश में रहने वाला हिन्दू समाज खुशी मना रहा है ऐसा होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि सैकड़ों वर्षों तक विदेशी आक्रान्ता हमारे धार्मिक ग्रंथों को नष्ट करते रहे। मुहम्मदवादियों ने अधिकांश मंदिरों और पुस्तकालयों को आग लगा दी तो अंग्रेजों ने गुरुकुल बंद कराके हमें अपनी जड़ों से काट दिया। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई कि हिन्दुओं के देश में बाइबिल और कुरआन तो चाहे जहाँ से ले लो किन्तु हिन्दू धर्म ग्रंथों जैसे वेद, उपनिषद्,पुराण आदि की बात मत करो। भारतीय जीवन का आधार या भारत की पहचान कहे जाने वाले ग्रन्थ गीता और रामायण तक जनसाधारण को मिल पाना कदाचित असंभव जैसा हो गया था। ऐसे कठिन समय में जयदयाल गोयनका और हनुमान प्रसाद पोद्दार जैसे महापुरुषों ने सन 1923 में गीता प्रेस गोरखपुर की स्थापना की। इस प्रेस ने अनेक कठिन और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए पूरे देश को बिना लाभ कमाये अत्यंत कम मूल्य पर सनातन ग्रन्थ उपलब्ध कराने का कार्य आरंभ किया। अनेक स्वामी रामसुख दास जी जैसी महान विभूतियों ने बिना रॉयल्टी लिए कठिन साधना द्वारा महान ग्रंथों के अनुवाद प्रस्तुत किये। आज लगभग प्रत्येक आस्तिक हिन्दू घर में गीता, रामायण, हनुमान चालीसा सहित अनेक धार्मिक पुस्तकें या इनमें से कोई एक पुस्तक तो अवश्य ही पहुँच चुकी है। इस व्यावसायिक युग में भी यह प्रेस बिना किसी चंदे, सरकारी सहायता और बिना विज्ञापन के सनातन धर्म की सेवा में लगी हुई है। गीता प्रेस के कल्याण के अंक तो मानव जाति के लिए श्रेष्ठ ज्ञान निधि हैं। इस प्रेस द्वारा केवल धार्मिक ही नहीं अपितु बच्चों और महिलाओं के लिए भी अनेक शिक्षाप्रद पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। पिछले सौ वर्षों से करोड़ों हिन्दुओं की सेवा करने वाली, गीता के महान संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने वाली इस प्रेस को जैसे ही गाँधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा हुई तो कुछ विघ्न संतोषियों को यह बात हजम नहीं हुई। यह कैसी असहिष्णुता है कि जीवन पर्यंत ईसाइयत का प्रचार करने वाली और सेवा की आड़ में धर्मान्तरण कराने वाली रोमन कैथोलिक नन मदर टेरेसा को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न मिलने पर जो लोग नाच रहे थे वे गीता प्रेस के सम्मानित होने पर छाती पीट रहे हैं। आखिर ये लोग भारत में भारतीय जीवन मूल्यों का प्रचार करने वाली संस्था के शत्रु क्यों बने हुए हैं? जयराम रमेश जैसे लोग गीता प्रेस गोरखपुर का विरोध करके न केवल कांग्रेस की जड़ों में मठ्ठा डालने का काम कर रहे हैं अपितु स्वयं की भी फजीहत करा रहे हैं। ध्यान रहे यह संस्था कांग्रेस, भाजपा, सपा या किसी सरकार से कोई सहायता नहीं लेती। उसकी स्वतंत्रता और स्वीकार्यता सभी दलों के लोगों में है। यह संस्था विश्व का कल्याण करने वाले, संसार को अच्छाई और सच्चाई का मार्ग दिखाने वाले साहित्य का प्रकाशन और वितरण करने का काम करने वाली महान संस्था है। गीता प्रेस गोरखपुर का विरोध एक गहरे षड्यंत्र का हिस्सा है। चूँकि कम्युनिस्ट लोग भारतीय धर्म, भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन मूल्यों के धुर विरोधी हैं इसलिये वे इसके जानी दुश्मन हैं। धर्मान्तरण में संलग्न ईसाई और इस्लामिस्ट लोगों का विरोध तो जगजाहिर है किन्तु कुछ कांग्रेसी नेता इस विरोध का कलंक अपने और अपनी पार्टी के माथे क्यों मढ़ना चाहते हैं? प्रत्येक हिन्दू कांग्रेसी कार्यकर्त्ता के लिए यह चिंता का विषय है।

**आज लगभग प्रत्येक आस्तिक हिन्दू घर में गीता, रामायण, हनुमान चालीसा सहित अनेक धार्मिक पुस्तकें या इनमें से कोई एक पुस्तक तो अवश्य ही पहुँच चुकी है।**

**धर्म ज्ञान**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लातेहार जिले में अलग-अलग स्थानों पर किया गया योग शिविर का आयोजन

# हमें नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को लातेहार जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला खेल स्टेडियम में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य ना केवल लोगों को योग के विभिन्न आसनों, क्रियाओं व प्राणायामों के बारे में जानकारी देना और योगाभ्यास कराना है बल्कि इसे अधिक से अधिक घरों तक नियमित दिनचर्या के रुप में पहुंचाना भी है। हमें इस योग दिवस पर नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए। मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से योग करना आवश्यक है। योग प्रशिक्षक मुकेश पांडेय ने शिविर में योगासनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। इस योग शिविर में जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं, एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।





**महुआडांड़।** रा.अनु जन जाति आवासीय उच्च विद्यालय में सोहरपाठ आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र के वैद्य कृष्ण सिंह ने विश्व योग दिवस पर छात्रों को योगाभ्यास कराया।



**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्रो. शेफाली प्रकाश, प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस आदि मौजूद रहे।



**मनिका।** राम सुंदर सिंह मध्य विद्यालय के मैदान में योग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह थे।



**बारियातु।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।




**लातेहार।** भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल योग दिवस पर विद्यार्थियों को जूम एप्प के माध्यम से ऑनलाइन आसन करवाया गया।



**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में भाजपा ने प्रखंड स्तरीय योग दिवस मनाया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



**बालूमाथ।** जोगियाडीह बिरसा मैदान में योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर पूर्वी जिला पार्षद सदस्य प्रियंका, बीडिओ ललिता बख्ला आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### बालूमाथ में तीन-अलग अलग जगहों पर हुए वज्रपात से एक की मौत, एक घायल

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग जगहों पर एकाएक वज्रपात होने से एक महिला की मौत हो गई। निर्मल यादव नगड़ा के एक बैल की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पहली घटना में बसिया पंचायत के डोकनाही टोला निवासी दिलीप उरांव की पत्नी राजो देवी किसी काम से बाहर निकली हुई थी। जोरदार आंधी के साथ वर्षा होने लगी, जिससे बचने के लिए महिला महुआ के पेड़ के नीचे बैठ गई। इसी बीच महुआ के पेड़ पर वज्रपात होने से राजो देवी गंभीर रूप से झुलस गई। तत्काल परिजन उसे बालूमाथ सीएचसी लाया, जहां डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने इलाज कर बचाने का भरपूर प्रयास किया, परंतु राजो देवी की मृत्यु हो गई। दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के मसियातु की बसंती देवी (45) अचानक वर्षा होते देख घर के बाहर डोरी उठा रही थी। इसी बीच अचानक पास के पेड़ पर वज्रपात हुआ, जिससे झटका लगने से सगुन गंझू की पत्नी बसती देवी घायल हो गई। बसंती देवी मसियातु स्कूल में रसोइया के रूप कार्यरत है। परिजनों ने बालूमाथ सीएचसी लाया, जहा डॉ पुरुषोत्तम कुमार ने इलाज के बाद मरीज की स्थिति सामान्य बताई। वहीं तीसरी घटना में तेतरियाखाड़ निवासी निर्मल यादव के एक बैल की मौत हो गई। वर्षा से बचने के लिए बैल पेड़ के नीचे खड़ा था।

### वज्रपात की चपेट में आने से दो की मौत

**मयूरहंड/इटखोरी(चतरा)।** जिले के मयूरहंड व इटखोरी थाना क्षेत्र में वज्रपात के चपेट में आने से एक महिला व एक युवक की मौत हो गई। मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशा गांव में एक महिला की मौत वज्रपात के चपेट में आने से बीते देर शाम हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मंजू देवी 45 वर्ष पति राजेंद्र ठाकुर ग्राम महेशा निवासी मवेशी लाने गई थी। तभी अचानक हुए वर्षा से बचने के लिए अंजनवा नाला पुलिया के पास महुवा पेड़ के नीचे बचने के लिए खड़ी थी। इसी बीच वज्रपात हुआ, जिसके चपेट में आयने से महिला की मौत मौके पर ही हो गई। मृतक के आश्रित में मात्र एक बच्ची है। पिछले दो वर्ष पूर्व पुत्र की मौत बीमारी से हो गई थी। घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दे दी गई है। वहीं बुधवार को इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहरजाम गांव निवासी सीताराम रवानी के 24 वर्षीय पुत्र सनी कुमार की मौत वजपात के चपेट में आने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मवेशी चराने के लिए गया हुआ था, इस दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसके चपेट में युवक आा गया। परिजन आनन-फानन में उसे इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।

### अलग-अलग दो सड़क दुर्घटना में 4 घायल

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। बुधवार सुबह बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य सड़क में मीरा कॉलेज के सामने राजा मेदनी राय कॉलेज के सामने एक कार और बाइक में सीधी टक्कर हो गई। इसमे बाइक सवार पैरा निवासी रंजीत कुमार व एक अन्य मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह तत्काल घटनास्थल पहुंचकर दोनों घायलों को बरवाडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं मंगलवार रात्रि 8बजे के करीब थाना क्षेत्र के मुगीर्डीह सीआरपीएफ कैम्प के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गणेश कुमार, झाबर निवासी व विजय राम कुटमु निवासी दुर्घटना का शिकार हो गए।

### करंट की चपेट में घायल महिला की मौत

**बारियातु।** टोटी पंचायत के इटके ग्राम स्थित बड़काटोला में साग तोड़ने के क्रम में पांच जून को बिजली करंट की चपेट में आने से ललिता टोप्पो 30 वर्षीय पति दिनेश उरांव गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। उसे सीएचसी बालूमाथ ले जाया गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया था। लगातार 16 दिन इलाज चलने के क्रम मे मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही परिजनों सहित आसपास के ग्रामीणों मे मातम पसर गया।

### पंसस ने ली जल जीवन मिशन की जानकारी

**चंदवा।** कामता पंचायत के ग्राम चटुआग, परहैया टोला, पहना पानी गांव का पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने दौरा किया। ग्रामीणों से मिलकर उनसे जल जीवन मिशन के तहत चल रहे हर घर नल जल योजना की जानकारी ली। ग्रामीण बुधराम बारला, फुलदेव परहैया, दसवा परहैया, बेने मुंडा, सनीका मुंडा, एतवा मुंडा, बोने मुंडा ने बताया कि पहना पानी, परहैया टोला, अठूला, टिमकी टोला, लोहराई टोला, स्कूल टोला में उक्त योजना के तहत अबतक बोरिंग नहीं की गई है।

# चतरा जिले में आम से लेकर खास तक ने किया योगाभ्यास



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/कुंदा/मयूरहंड**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को जिला मुख्यालय के अलावे गिद्धौर, पत्थलगड़ा, इटखोरी, मयूरहंड, कुंदा, प्रतापपुर, सिमरिया व टंडवा आदि प्रखंड में विभिन्न संस्थानों द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। गिद्धौर प्रखंड, अंचल व थाना परिसर के साथ सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग एवं पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा योग अभ्यास कराया गया। प्रखंड कार्यालय में योग प्रशिक्षक लोकनाथ दांगी द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। योगाभ्यास में अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, प्रमुख अनीता यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार पासवान, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, मुखिया निर्मला देवी, उपप्रमुख प्रीतम यादव, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, प्रखंड नाजिर रामदेव ठाकुर, उपेंद्र दांगी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य शामिल थे। मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में अंतरराष्ट्रिय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी रामवृक्ष राम, बीपीओ नीरज कुमार के अलावा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा व वार्डन समेत अन्य लोगों ने योगाचार्य उमेश कुमार सिंह के देखरेख में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर आयुष डॉ. गायत्री कुमारी ने बीडीओ एवं थाना प्रभारी के अलावा पत्रकारों को योग बैच व किताब देकर सम्मानित किया। शिविर में शिक्षक संत कुमार सिंह, सहायक निरीक्षक एसके ठाकुर, वार्डन अनिता कुमारी आदि शामिल थे। वहीं इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि फार्म में अंतरराष्ट्रिय योग दिवस पर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग गुरु शंकर चन्द्रवंशी के नेतृत्व में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह, दुलार हजाम, भाजपा के कमलेश कुमार सिंह, प्रेमबुक सेंटर संचालक रामलखन चन्द्रवंशी, गोपाल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह आदि ने योगाभ्यास किया। शिविर में बुदुल पांडेय, भाजपा नेता रंजय भारती, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, रामप्रवेश पांडेय, शुरेष राम, गोपाल प्रसाद के अलावे सेकड़ो छात्र-छात्राएं व अन्य लोगों ने भाग लिया।



**सिमरिया(चतरा)।** बुधवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में योग शिविर सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सुरेंद्र कुमार बक्सी ने योग प्रार्थना से किया। तत्पश्चात प्राचार्य ने योग संकल्प दिलवाई।

## सांसद ने कहा-करें योग रहें निरोग सुबह की हवा है लाखों की दवा

**मयूरहंड(चतरा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सांसद डॉ. सुनिल कुमार सिंह मयूरहंड प्रखंड के गौरक्षणी धाम में आयोजित योग शिविर में पहुंचे। सांसद अपने समर्थकों के साथ शिविर में योग आचार्य स्वामी प्रसानन जी के देखरेख में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. सिंह ने कहा की योग जीवन में निरंतरता बना कर प्रत्येक व्यक्ति बेहतर स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त कर सकता है। स्कूलों में पढ़ाई लिखाई के साथ योग की शिक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के बाद योग पर पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित हुआ है। योग के त्वरित लाभ से पूरी दुनिया ने इसे अपनाना शुरू कर दिया है। वास्तव में योग के लिए धन की नहीं बल्कि थोडे समय निकालने की जरूरत है। इसके बाद योग से लाभान्वित होने वाला प्रत्येक व्यक्ति दूसरों को भी प्रेरणा देने लगता है। सिंह ने कहा कि प्राचीन समय से योग का महत्व कम नहीं हुआ है, सुबह की विशुद्ध हवा शरीर के लिए काफी लाभदायक है। प्रातः का सुखद वातावरण में घूमना फिरना लाखों की दवा के बराबर है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिक्रम कुमार सिंह, पूर्व जिप सदस्य राजेश कुमार सिंह, समाज सेवी संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, अभिषेक केशरी, निर्भय ठाकुर, रसिक शिरोमणि, पप्पू सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।



### तेंदूआ के हमले से गाय चराने गए युवक घायल

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर वनक्षेत्र के लात पंचायत हरहे ग्राम में मंगलवार शाम तेंदुआ के हमला से एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लात निवासी घायल त्रिलोकी सिंह गाय चराने गांव के बाहर गया था। इसी दौरान तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर जब आसपास के और अन्य चरवाहे वहां जमा हो गए। भीड़ देखकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद परिजनों ने गांव में ही घायल का प्राथमिक उपचार करवाया। रात्रि में ही घटना की सूचना पर क्षेत्र के जीप सदस्य कन्हाई सिंह घायल के घर पहुंचे और अपने निजी वाहन से घायल त्रिलोक सिंह को छिपादोहर सरकारी अस्पताल लाया। अस्पताल में उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना पर वन विभाग के कर्मी और छिपादोहर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## नुकसान पीड़ित परिवारों ने वन विभाग से मांगा मुआवजा

# हाथियों ने दो घरों को ध्वस्त कर फसल की नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना क्षेत्र अंतर्गत साल्वे पंचायत के बरनी, व डाढा पंचायत के हनुमान चौकी टोला में मंगलवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाकर दो मजदूर किसान महेश भगत, व मनोहर भगत के घर को ध्वस्त कर दिया। वहीं साल्वे के बरनी निवासी किसान मंगर गंझु के खेत में लगे मौसमी फसल को खाकर एवं रौंद कर बर्बाद कर दिया। हथियों का झुंड मंगलवार अर्धरात्रि पहले साल्वे के बरनी ग्राम पहुंचा जहा किसान गंझु की एक एकड़ भूमि पर लगी मक्का, आम, केला, कटहल की लहलहाती फसल को खाकर एवं बागवानी को रौंद कर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। इससे किसान गंझु को दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसके बाद हाथीयों का झुंड डाढा पंचायत के हनुमान चौकी टोला पहुंचा जहां मनोहर गभत एवं महेश भगत के घर को पूरी तरह धवस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को चट कर गये। घर धवस्त होने से कई सामान बर्बाद हो गया। वहीं बागीचा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे दोनों मजदूरों को लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हो गया। घटना की सूचना पाकर बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, जिप सदस्य रमेश राम, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शहादेव, पंचायत के मुखिया सुरेश उरांव, पंसस संतोष भगत, उप मुखिया रिकशोना देवी, बारियातु के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और मामले को लातेहार डीएफओ रोशन कुमार से बात कर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की।





### बालूमाथ में हाथियों का आतंक जारी

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

इन दिनों बालूमाथ वन क्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों बालू पंचायत के पालही टोला में तीन गरीब किसानों का घर तोड़ दिया था। मंगलवार देर रात्रि जंगली हाथियों ने सूबेदार उरांव पिता रती उरांव और कबिंदर उरांव पिता महेश्वर उरांव का घर ध्वस्त कर दिया एवं घर में रखे अनाज को भी खाकर तहस-नहस कर दिया। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने हाथियों के उत्पात का जायजा लिया एवं गरीब किसानों को हुए नुकसान का वन विभाग से जल्द मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझु, युवा समाजसेवी संतोष उरांव, निर्मल उरांव, संदीप उरांव उपस्थित थे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## जम्मू-कश्मीर में श्री बुद्ध अमरनाथ यात्रा 18 अगस्त से शुरू

**मंडी।** इस साल श्री बुद्ध अमरनाथ यात्रा की दस दिवसीय तीर्थयात्रा 18 अगस्त से शुरू होगी और जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में 28 अगस्त को समाप्त होगी। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां बताया, श्री बुद्ध अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था 18 अगस्त को जम्मू से पुंछ के लिए रवाना होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए औपचारिक भूमि पूजन 17 अगस्त को किया जाएगा और यात्रा का समापन 28 अगस्त को होगा। एक स्थानीय ने बताया कि श्री बुद्ध अमरनाथ मंदिर जम्मू क्षेत्र के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। यह पुंछ जिले की मंडी तहसील के राजपुरा गांव में स्थित है। उन्होंने कहा कि पुलसता नदी मंदिर के पास से बहती है और नदी के साथ एक पौराणिक कथा जुड़ी हुई है और इसका नाम रावण के दादा ऋषि पुलसता के नाम पर रखा गया है।



बफीर्ली सियाचिन की चोटियों पर भारतीय सेना और नौसेना ने बुधवार को नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया। (फोटोः आईएएनएस)

## भारत, ब्राजील ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ब्राजील ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य, साइबर, रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मतबूत बनाने को लेकर चर्चा की एवं अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ब्रासिलिया में 20 जून को भारत और ब्राजील विदेश कार्यालय विचार विमर्श स्तर की दूसरी बैठक में इस बारे में चर्चा की गई। बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने किया वहीं ब्राजील के शिष्टमंडल का नेतृत्व वहां के विदेश मंत्रालय में एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के सचिव एदुआर्दो साबोया ने किया। बयान के अनुसार, इस बैठक में दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य, साइबर, रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा करने का अवसर मिला। इसमें कहा गया है, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संस्थागत तंत्र के तहत नियमित बैठकों का स्वागत किया और आगामी दिनों में होने वाली उच्च स्तरीय बैठकों के महत्व को रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने पिछले दो साल में द्विपक्षीय व्यापार में तीव्र वृद्धि की सराहना की और दोनों देशों के कारोबारियों के बीच उच्च स्तरीय बैठकों सहित द्विपक्षीय संपर्कों को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान प्रदान किया और संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स और आईबीएसए सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर आपसी समन्वय बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

# आतंकवाद बांटता है, पर्यटन जोड़ता है : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद बांटता है, लेकिन पर्यटन जोड़ता है। इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने की क्षमता है जिससे एक सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण होता है। उन्होंने गोवा में जी20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यटन के प्रति भारत का धष्टिकोण प्राचीन संस्कृत श्लोक 'अतिथि देवो भव' पर आधारित है। बैठक को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने आगे कहा, पर्यटन के क्षेत्र में भारत के प्रयास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करते हुए अपनी समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा, भारत सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए पर्यटन क्षेत्र की प्रासंगिकता को भी पहचान रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, सरकारों, उद्यमियों, निवेशकों



और शिक्षाविदों के बीच सहयोग से पर्यटन क्षेत्र में तकनीकी कार्यान्वयन में तेजी आ सकती है। पीएम मोदी ने कहा, ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, स्किल डेवलपमेंट और यहां तक कि हमारे वीजा सिस्टम में भी हमने टूरिज्म सेक्टर को अपने रिफॉर्म्स के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में टूरिज्म क्षेत्र में रोजगार सृजन, सामाजिक समावेश और आर्थिक प्रगति की काफी संभावनाएं हैं।

### वैश्विक आंदोलन बन गया है योग : प्रधानमंत्री मोदी

**पीएम** ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को कहा कि भारत ने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है और योग के माध्यम से विरोधाभाषों, बाधाओं और प्रतिरोधों को खत्म करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा कि भारतीयों ने हमेशा नए विचारों का स्वागत किया है और उन्हें संरक्षण दिया है तथा देश की समृद्ध विविधता का जश्न मनाया है। उन्होंने कहा, भारत की संस्कृति हो या समाज संरचना, भारत का आध्यात्म हो या उसके आदर्श, भारत का दर्शन हो या दृष्टि, हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है, उन्हें संरक्षण दिया है। हमने विविधताओं को समृद्ध किया है, उनका जश्न मनाया है। देशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने कहा कि योग का प्रसार भारत के विचार का विस्तार है, जो पूरे संसार को एक परिवार के रूप में समाहित करता है। उन्होंने कहा, योग के विस्तार का अर्थ है- 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना का विस्तार। इसलिए इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 सम्मेलन का विषय भी एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक ऐसे स्वस्थ और सामर्थ्यशाली समाज का निर्माण करता है, जिसकी सामूहिक ऊर्जा कई गुना ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्वच्छ भारत जैसे संकल्पों से लेकर स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों तक, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से लेकर सांस्कृतिक भारत के पुनर्निर्माण तक, देश तथा देश के युवाओं में जो असाधारण गति दिखी है।

# सदानंद फाउंडेशन सौ से ज्यादा योग शिक्षकों को भेज रहा विदेश

**आरएनएम। नई दिल्ली**

2015 में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की शुरूआत हुई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का विचार सदस्य राष्ट्रों के सामने रखा गया था। इसके बाद 11 दिसंबर, 2014 को यूएन के 193 सदस्य देश, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित करने पर सहमत हुए। 21 जून, 2015 को जब पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, तो उसके बाद दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय योग शिक्षकों की मांग बढ़ने लगी। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, अफ्रीका, हंगरी, बुल्गारिया और स्पेन सहित अनेक देशों में आज बड़ी तादाद में लोग योग सीख रहे हैं। भारतीय योग शिक्षकों पर डॉलर बरसने लगा है। हर साल सैंकड़ों भारतीय योग शिक्षक, किसी न किसी देश में पहुंच रहे हैं।

**इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ योगा प्रोफेशनल्स कैसे हुआ शुरू :** उप्र के औरैया जिले में स्थित गेल में कार्यरत सदानंद, जिन्होंने इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ योगा प्रोफेशनल्स (आईएफवाईपी) जैसे बड़े संगठन को खड़ा करने में अहम योगदान दिया है। वह कहते हैं , आज योग एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है।

### 35 हजार से ज्यादा योगाचार्य जुड़े हैं आईएफवाईपी से

सदानंद के मुताबिक, जब आयुष मंत्रालय ने क्यूसीआई द्वारा योग प्रोफेशनल प्रमाणन की योजना शुरू की, उसके बाद 35 हजार से ज्यादा योगाचार्य प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर आईएफवाईपी से जुड़ चुके हैं। लोगों को योग की ट्रेनिंग दी और फिर उन्हें विदेश में योगाचार्य की जॉब दिलवाई। भारतीय योग शिक्षकों पर डॉलर की बरसात होने लगी। अब लक्ष्य यह है कि अपने देश के हर गांव-शहर और सरकारी-गैर सरकारी संगठन, सब जगह पर कम से कम एक योगाचार्य रहे, जो लोगों को मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रख सके।

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर चार तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी। बीकानेर**

बीएसएफ के जवानों ने एक बार फिर पाकिस्तान की नापाक हरकत को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक ड्रोन एवं दो किलो हेरोइन बरामद किया गया। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपये है। बीकानेर सेक्टर के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बुधवार सुबह बताया कि पाकिस्तान द्वारा मादक पदार्थों की सप्लाई ड्रोन के द्वारा की जानी थी, जिसे बीएसएफ की जी ब्रांच और जवानों ने मंगलवार रात्रि नाकाम कर दिया। बीएसएफ की जी ब्रांच अपने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर पहले से ही इस इलाके में सक्रिय थी एवं इस इलाके में तस्करी की घटनाओं को देखते हुए इस इलाके को सतर्क कर रखा था। तस्करी की पुख्ता जानकारी मिलने पर बीएसएफ के जवानों ने कमांडेंट पवन कुमार के दिशा-निर्देशन में संदिग्ध जगहों पर नाकाबंदी की। उप कमांडेंट दीपेन्द्र सिंह शेखावत के निर्देशन में जी ब्रांच एवं बीएसएफ की टीम इलाके में तैनात थी। बीएसएफ को ड्रोन की आवाज सुनाई दी और कंपनी कमांडर उदयन कुमार के नेतृत्व में बीएसएफ टीम ने उसका पीछा किया और उस जगह पर घेराबंदी करके सर्च अभियान चलाया गया तो एक ड्रोन एवं दो पैकेट में मादक पदार्थ हेरोइन पाई गई।

# कोविड सेंटर घोटाला : महाराष्ट्र में मुंबई समेत कई शहरों में ईडी की छापेमारी

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में कोविड सेंटर फजीर्वाड़ा केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मुंबई समेत कई शहरों में छापेमारी की है। यह छापेमारी सूरज चव्हाण और सुजीत पाटकर के यहां हुई है, लेकिन ईडी की ओर से अभी नामों की पुष्टि नहीं की गई है। कोरोना महामारी के दौरान लाइफलाइन कंपनी के घोटाले में ईडी ने मामला दर्ज किया था। राज्य के मुंबई, पुणे सहित कुछ शहरों में ईडी की रेड अभी भी जारी है। अकेले मुंबई शहर में 10 जगहों पर ईडी ने छापेमारी की है। कोरोना काल के दौरान मुंबई




में कई कोविड सेंटर बनाए गए थे। ऐसा ही एक कोविड सेंटर मुंबई के दहिसर में शुरू किया गया था। ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत के बेहद करीबी बिजनेसमैन सुजीत पाटकर ने ये कोविड सेंटर बनाया था। इसके लिए सुजीत पाटकर ने रातोंरात एक कंपनी बनाई, जिसे लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विस नाम दिया गया था। जानकारी के मुताबिक दहिसर में शुरू किया गया कोविड सेंटर 242 ऑक्सीजन बेड वाला था। सुजीत पाटकर को इसका ठेका मिला था। इसे चलाने के लिए जून, 2020 में बीएमसी से एग्रीमेंट किया गया। ईडी को उनके घर पर छापे के दौरान एक कागज मिला था। इसी के आधार पर आरोप है कि कोविड अस्पतालों में प्रबंधन के लिए बीएमसी के साथ किये गए समझौते के मुताबिक कार्य करने के बजाय घपलेबाजी की गई है।




### विद्या बालन की फिल्म 'नीयत' का टीजर आउट

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस विद्या बालन फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना नाम है। उन्होंने हमेशा ऐसी फिल्में की हैं, जहां अभिनेत्री का किरदार कहानी का हीरो बन



जाता है। डर्टी पिक्चर, कहानी जैसी फिल्में इसका अच्छा उदाहरण हैं। कई ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद अब विद्या बालन एक बार फिर फिल्म नीयत से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। नीयत अनु मेनन द्वारा निर्देशित एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है। अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म में जासूस मीरा राव की भूमिका में नजर आएंगी, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाएंगी। विद्या बालन ने हाल ही में अपनी फिल्म का टीजर रिलीज किया है। विद्या बालन की फिल्म के इस धमाकेदार टीजर को देखकर फैंस ने गजब के रिएक्शन दिए हैं। दर्शक प्रतिक्रिया दे रहे हैं कि वे इस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकते। इस फिल्म का टीजर आज 21 जून को रिलीज कर दिया गया है।

### रश्मिका मंदाना ने एनिमल की शूटिंग की पूरी



**अभिनेत्री** रश्मिका मंदाना ने अपनी आने वाली फिल्म एनिमल की शूटिंग पूरी कर ली है। रश्मिका मंदाना ने फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर के अपोजिट नजर आयेंगी। रश्मिका मंदाना ने बताया कि उन्होंने फिल्म एनिमल की शूटिंग पूरी कर ली है। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई स्टोरी में रश्मिका ने 'एनिमल' की कास्ट की तारीफ की। रश्मिका मंदाना ने लिखा, फिल्म एनमिल अचानक मेरे पास आई। मैं आश्चर्यजनक थी लेकिन वास्तव में मैं एनिमल के लिए बेहद उत्साहित भी थी। निश्चित रूप से मैं पूरी टीम के साथ काम करना चाहती थी। मुझे लगता है कि मैंने फिल्म के लिए लगभग 50 दिनों तक शूटिंग की है।

**योग दिवस** रक्षा मंत्री ने कोच्चि में समेकित सिम्युलेटर परिसर 'ध्रुव' का किया उद्घाटन

# नौसेना कर्मियों को प्रशिक्षण में मिलेगी मदद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के बाद कोच्चि के दक्षिणी नौसेना कमान में समेकित सिम्युलेटर परिसर (आईएससी) 'ध्रुव' का उद्घाटन किया। इससे भारतीय नौसेना कार्मिकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही इन सिम्युलेटरों का उपयोग मित्र देशों के कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए भी किया जाएगा। आईएनएस विक्रांत के डेक पर सुंदर, नीले आकाश और शांत हवा की पृष्ठभूमि में प्राचीन भारतीय योग का उत्सव मनाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सुबह नौसेनाध्यक्ष और नौसेना कर्मियों के साथ योग किया। विशेष योग प्रशिक्षकों ने फिजिकल फिटनेस, मानसिक




शांति तथा आध्यात्मिक आरोग्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न आसनों और श्वास अभ्यासों को करने में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। योगाभ्यास सत्रों के बाद रक्षा मंत्री ने योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया और प्रतिभागियों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने दक्षिणी नौसेना कमान में समेकित सिम्युलेटर परिसर (आईएससी) ध्रुव' का उद्घाटन किया। राजनाथ सिंह ने इन सिम्युलेटरों के विकास में शामिल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ भी परस्पर बातचीत की। रक्षा मंत्री ने मल्टी स्टेशन हैंडलिंग सिम्युलेटर, एयर डायरेक्शन और हेलीकॉप्टर नियंत्रण सिम्युलेटर तथा एस्ट्रो नेविगेशन डोम का अवलोकन किया। नई दिल्ली स्थित एआरआई प्रा.लि. ने बनाकर शिप हैंडलिंग सिम्युलेटर का 18 देशों में निर्यात किया है। इंफोविजन टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. में बनाया गया एस्ट्रो नेविगेशन डोम भारतीय नौसेना में अपनी तरह का पहला डोम है। डीआरडीओ प्रयोगशाला के इंस्टीच्यूट फॉर सिस्टम्स स्टडीज एंड एनालिसिस में विकसित एयर डायरेक्शन और हेलीकॉप्टर नियंत्रण सिम्युलेटर प्रशिक्षुओं को वास्तविक समय प्रचालनगत वातावरण परिदृश्य उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। प्रौद्योगिकी के मामले में उन्नत ये सिमुलेटर ह्यआत्मनिर्भर भारत' पहल का संकेत हैं, जिनसे राष्ट्र के लिए बड़ी निर्यात क्षमता की संभावना है।

# एक्टर अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना 'एगो चुम्मा' हुआ रिलीज

**युवा** दिलों की धड़कन के नाम से भोजपुरी इंडस्ट्री में जाने जाने वाले सिंगर एक्टर अरविंद अकेला कल्लू का नया भोजपुरी गाना 'एगो चुम्मा' रिलीज हो गया है। कल्लू का गाना रिलीज होने के बाद एक दिन से भी कम समय के अंतराल पर मिलियन के आंकड़े को छूने वाला है। यह गाना टी सीरीज हमार भोजपुरी ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने भोजपुरी म्यूजिक की वॉइस सेंसेशन शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है, जिसे दर्शक अपना बेशुमार प्यार दे रहे हैं। गाना 'एगो चुम्मा' को भोजपुरी में फिर से क्रिएट किया गया है। इससे पहले इस गाने की ओरिजिनल ट्रैक के साथ 'गवनवा ले जा राजा जी' एल्बम बनाया गया था, जिसे भोजपुरी की लीजेंड सिंगर कल्पना पटवारी ने गाया था और इसके लिरिक्स विनय बिहारी ने बनाए थे, जबकि म्यूजिक डायरेक्टर राकेश गुप्ता थे।









# रांची के मेकॉन स्टेडियम में हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राजकीय कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज देश दुनिया में योग के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। झारखंड में भी इस दिन को बेहद उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। झारखंड के लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रिमझिम बारिश के बीच भी लोग योग करते रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राजकीय कार्यक्रम रांची के मेकॉन स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा विधायक समरीलाल, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, औषधि नियंत्रक ऋतु सहाय, आयुष निदेशक डॉ फजलुस समी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और एनजीओ से जुड़े स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान रिमझिम मानसूनी बारिश के फुहारे भी पड़ रहे थे। लेकिन लोग योग करते रहे। सीएम हेमंत सोरेन भी इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, लेकिन किन्हीं कारणों से वे शामिल नहीं हो सके। इसलिए उनके प्रतिनिधि के तौर पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर योग दिवस के राजकीय कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण के बाद राज्य योग सेंटर की योग एक्सपर्ट डॉ अर्चना ने मेकॉन स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया। बीमारियों पर काबू पाने का कारगर तरीका है योग- बन्ना गुप्ताः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के झारखंड के राजकीय कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वस्थ, समृद्ध और उन्नत झारखंड बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि योग ऐसी विधा है जो ना सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मनुष्य को स्वस्थ रखता है। ऐसे में हर दिन योग करना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना काल के बाद यह देखा गया है कि हृदय रोग, ऑर्थराइटिस, अस्थमा सहित कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ी हैं। ऐसे में योग इन सभी बीमारियों पर काबू पाने का कारगर तरीका हो सकता है।

हमसे अधिक विदेश में लोग योग के दीवाने-मिथलेश ठाकुरः वहीं झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि योग भारत वर्ष की प्राचीन पद्धति है, जिसके बल पर हम स्वस्थ रह सकते हैं। विडंबना है कि हम से ज्यादा विदेशों में योग हो रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दिनचर्या में योग को शामिल करें। एक दिन योग कर लेने से इसकी भूमिका खत्म नहीं हो जाती, हर दिन योग करना चाहिए। देश का दूसरा योग स्टूडियो रांची में बना- महुआ माजीः योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं झामुमो नेता और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में आयुष और योग का तेज गति से विकास हुआ है। जितना विकास पिछले 03 वर्षों में हुआ है, उतना विकास पहले नहीं हुआ। महुआ माजी ने कहा कि किसी कारणवश मुख्यमंत्री भले ही इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए हों, लेकिन उनकी प्राथमिकता में योग और आयुष रहा है। महुआ माजी ने कहा कि झारखंड में भारत का दूसरा योग स्टूडियो बना है, जिससे योग घर घर पहुंचेगा। यह खुशी की बात है। आयुष को विकसित करने पर सरकार का ध्यान-अपर मुख्य सचिवः इस मौके पर राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान आयुष को विकसित करने पर है। यही वजह है कि राज्य में आयुष का बजट बढ़ाया जा रहा है। पिछले वर्ष जहां 130 करोड़ का बजट था, वहीं इस वर्ष इसे 159 करोड़ का किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 745 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चल रहे हैं। दो धनवंतरि अस्पताल तथा कई धनवंतरि क्लीनिक खोले जा रहे हैं। राज्य के 10 जिलों में पंचकर्म चिकित्सा केंद्र खोलने की प्रक्रिया चल रही है। आयुष की दवाइयां बड़े पैमाने पर खरीदी गई हैं।

## बीजेपी ने राज्य भर में मनाया योग दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर झारखंड बीजेपी ने राज्यभर में कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य कार्यक्रम रांची के हरमू में आयोजित हुआ। जहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित सभी प्रमुख नेता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के सभी 513 सांगठनिक मंडलों में योग दिवस मनाया गया। रिमझिम बारिश के बीच आयोजित योग दिवस के मौके पर भाजपा नेताओं ने पतंजलि योगपीठ के सहयोग से योग किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातनी योग को देश ही नहीं पूरे विश्व में स्थान दिलाया है। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वसुधैव कुटुंबकम के तहत योग को पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस के रूप में स्थापित किया है। जिससे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने लोगों से जुड़कर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से योग को विश्व भर में पहचान मिली है। झारखंड में योग को बढ़ावा देने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता लगातार लगे हुए हैं। इस मौके पर संयोजक दीनदयाल वर्णवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव ने लोगों को रोग मुक्त करने का जो बीड़ा उठाया है वह प्रशंसनीय है, इससे करोड़ों लोग स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम है थीमः योग दिवस का थीम वसुधैव कुटुंबकम है। बीजेपी द्वारा राज्यभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। हरमू पटेल मैदान रांची में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, महामंत्री कर्मवीर, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा शामिल हुईं। बीजेपी विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गिरिडीह में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास जमशेदपुर स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावे प्रदेश और जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

## योग एक जीवन शैली है : बासुदेब दास

**रांची।** सीआईपी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामान्य योग अभ्यास (प्रोटोकॉल) एवं मानसिक स्वास्थ्य में योग की उपयोगिता पर बुधवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। बहिरंग विभाग में रोगियों और उनके देखभाल करने वालों के लिए मानसिक बीमारी में योग के महत्व पर एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सीआईपी के निदेशक डॉ. बासुदेब दास ने योग के महत्व और उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि योग एक जीवन शैली है और हमारी सांस्कृतिक विरासत है। योग को दिनचर्या में अपनाना चाहिए। योग आत्मा और परमात्मा को जोड़ने के साथ शरीर और मन से भी संबंध रखता है। अपने शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है। डॉ. संजय कुमार मुंडा ने योग के विभिन्न पहलुओं को रखा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में योग हमारी जीवनशैली से दूर होता जा रहा है। इसलिए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, ताकि योग योग का अभिन्न अंग बन सके। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम याददाश्त क्षमता में सुधार कर सकते हैं और दैनिक दिनचर्या को सकारात्मक रूप से प्रभावी बना सकते हैं। सत्यानंद योग मिशन रांची के सन्यासी मुक्तिरथ ने कहा कि आज के युग में योग हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जो शारीरिक स्वास्थ्य जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय की समस्याओं और अवसाद, चिंता, तनाव जैसे मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। समस्या को ठीक रखने के साधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है। सत्यानंद योग मिशन रांची के तत्वावधान में सन्यासी मुक्तिरथ के मार्गदर्शन में आचार्यों ने संस्थान के पुरुष एवं महिला विंग के रोगियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया।

## झारखंड हाई कोर्ट ने वीसी कोटे से नामांकन पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंदा सेन ने बुधवार को विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में चल रहे वाइस चांसलर कोटे से दो सीटों के नामांकन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। मोहम्मद अख्तर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पाया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में गैरकानूनी प्रैक्टिस चल रही है। सामान्य कोटे से दो सीटों को काटकर उसे वीसी कोटा का नाम देकर खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा था। लगभग सभी विभागों में दो सीट वीसी कोटा के माध्यम से बिना किसी प्रक्रिया के नामांकन लिए जाते थे। ऐसे में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने तत्काल प्रभाव से वीसी कोटे से नामांकन पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में वर्ष 2009 से लगातार सामान्य कोर्ट से सीटों की कटौती कर सीटों के खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा था।

### दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ उद्घाटन

# 'बिना वैज्ञानिक अनुसंधान के किसी को भी दोषी न बनायें'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को डीआईजी अनूप बिलथरे ने दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया। पुलिस ड्यूटी मीट 23 जून तक चलेगा। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा के पुलिस पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी किशोर कौशल के अलावे ग्रामीण एसपी नौशाद आलम सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को अपराध अनुसंधान के गुर सिखाना है। वर्तमान में अपराध का दायरा इतना अधिक बढ़ गया है कि बिना वैज्ञानिक अनुसंधान के किसी को भी दोषी करार देना काफी मुश्किल काम है। साथ ही जांच के दौरान भी साक्ष्य जुटाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान बेहद जरूरी होता है। पुलिस ड्यूटी मीट में पुलिसकर्मियों को सहायक निदेशक, राज्य आगंतुक ब्यूरो नीरज सहाय, सहायक निदेशक, एफएसएल रांची डॉ अमित कुमार, सीआईडी श्वान दस्ता प्रभारी एतवा उरांव, सीआईडी कुजरी जामुदा और सुनील कुमार यादव प्रशिक्षण देंगे। सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट में अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता, पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी कंप्यूटर साक्षरता और एंटी सबोटेज चेक के विषय पर जानकारी दी जाएगी और लिखित परीक्षा ली जाएगी। इसमें जो विजय होंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए घर-घर जाएंगे बीएलओ

**रांची।** मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और सूची का सत्यापन घर-घर जाकर किया जाएगा। सभी बीएलओ को हर घर का दो बार भ्रमण करना होगा। इस दौरान घरों पर स्टीकर भी लगाना होगा। जिन लोगों की उम्र एक जुलाई और एक अक्तूबर 2023 को 18 वर्ष हो रही है, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। इसके लिए फॉर्म छह भराया जाएगा। त्रुटि दूर करने के लिए फॉर्म आठ का इस्तेमाल किया जाएगा। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाताओं को जागरूक करने का आग्रह किया, ताकि मतदाता सूची की त्रुटि दूर की जा सके। उपायुक्त ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को कंट्रोल टेबल अद्यतन कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि 17 अक्तूबर को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का पब्लिकेशन किया जाएगा। इसके बाद विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

## रांची में उचक्कों पर आई शामत, चार दबोचे गए, दो की हुई जमकर पिटाई

**रांची।** राजधानी रांची में पलक झपकते ही मोबाइल, पैसे, सोने की चेन झपट कर भाग जाने वाले उचक्कों के लिए मंगलवार की देर रात बहुत ही बुरी साबित हुई, पब्लिक और पुलिस के सहयोग से चार स्नैचर्स को दबोचा गया है। जिसमें से दो की तो जबर्दस्त धुनाई भी की गई। सदर से पकड़े गए दो उच्चके, जम कर हुई धुनाईः रांची के सदर थाना क्षेत्र में देर रात बसों से घर लौटने वाले यात्रियों को निशाना बनाने वाले दो अपराधियों को पब्लिक के सहयोग से पुलिस ने धर दबोचा है। मंगलवार की देर रात सदर थाना क्षेत्र के शांति नगर स्थित अपने घर लौट रहे एक व्यक्ति से पैसे की छिनतई कर रहे दो अपराधियों को स्थानीय लोगो ने धर दबोचा और फिर दोनों की जमकर धुनाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को भीड़ से बचाया और थाने ले गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल के दिनों में लगातार मोहल्ले में छिनतई की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। मंगलवार को शांतिनगर मोहल्ले के लोग सोने की तैयारी कर रहे थे उसी दौरान शोर मचाने की आवाज सुनाई दी। देखने पर यह जानकारी मिली कि किसी व्यक्ति से पैसे छीन कर दो अपराधी भाग रहे हैं। यह देख कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाई और अपराधियों को खदेड़ कर दबोच लिया।

## हाई कोर्ट ने रांची हिंसा मामले में राज्य सरकार से मांगा स्टेटस रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को वर्चुअल मोड में रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने मामले में हस्तक्षेपकर्ता और याचिकाकर्ता की ओर से उठाए गए सवालों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। घटना में मृतक दो युवकों के पिता ने हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने कोर्ट से आग्रह किया कि मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए।

**रक्षा** — पशुपालन निदेशालय के तहत बैठक आयोजित

# गौ हत्या निषेध कानून का सख्ती से होगा पालन : राजीव



नवीन मेल संवाददाता। रांची पशुपालन निदेशालय हेसाग हटिया रांची स्थित सभागार में झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और उपाध्यक्ष राजू गिरी ने बुधवार को प्रभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और गौ माता के पूजन एवं शंखध्वनि के साथ हुआ। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से गौ पूजन किया । साथ ही आयोग के सचिव डॉ मनोज कुमार की ओर से भी प्रभार ग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गई। मौके पर राजीव रंजन प्रसाद ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहले संगठन के कार्यों को पूर्ण लगन से करता रहा हूं अब गो माता की सेवा का मौका मिला है। आयोग में मेरी उपलब्धता हमेशा रहेगी। गो माता की सेवा के लिए नियमावली के तहत आयोग से हर संभव मदद का प्रयास करेंगे। राज्य की सभी गौशालाओं के पदाधिकारी और गो सेवकों को मैं अस्वस्थ करना चाहता हूं कि राज्य में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मैं गौ सेवा आयोग से हर संभव मदद कराने के लिए हर समय उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा कि गो हत्या निषेध कानून का पूरे राज्य में सख्ती के साथ पालन हो। सरकार के साथ समन्वय बैठा कर यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। राज्य की सभी गौशालाओं का भ्रमण करूंगा और आयोग से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी गौशालाओं के पदाधिकारियों के साथ साझा करूंगा। इससे गौशालाओं को लाभ मिले गायों को उपयुक्त मात्रा में भोजन मिले। मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में गौशालाओं को गौ सेवा आयोग से हर संभव मदद कराने के लिए तत्पर रहूंगा । गौशालाओं की गोचर भूमि की रक्षा करना मेरा सबसे बड़ा दायित्व रहेगा। गो सेवा आयोग जिन गौशालाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है। उन सभी गौशालाओं को नियम के साथ आयोग से मिलने वाली सब सुविधा समय पर दी जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## आजसू पार्टी का संकल्प दिवस 22 को

**रांची।** आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी। संकल्प दिवस को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गुरुवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने बुधवार को कहा कि संकल्प दिवस के अवसर पर सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गुरुवार को हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में मिलन समारोह का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। डॉ. भगत ने कहा कि झारखंड एवं झारखंडियों का परिचय स्थापित रहे-अमिट रहे, इसे लेकर आजसू पार्टी कृतसंकल्पित है। संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी और पार्टी की अनुषंगी इकाई के सभी नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक राज्य की मयार्दा तथा जनमन की सुरक्षा के संकल्प के साथ-साथ वैचारिक मूल्यों को बचाने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम को लेकर डॉ. भगत ने कहा कि संकल्प दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी विधानसभा में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट **निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR/SR/06/2023-24, दिनांक–13.06.2023** द्वारा Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and **60 mtr (av.) deep Drilled Tube well** का कार्य जो **PR No. 300083** Drinking Water and Sanitation (22-23)#D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय मे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित राशि | संशोधित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16/06/2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक। | 22/06/2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 2 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22/06/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक। | 27/06/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने का स्थान/तिथि एवं समय | 23/06/2023 को 10:30 पूर्वाह्न से 4:00 बजे तक। 1) कार्यपालक अभियंता का पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। 2) अधीक्षण अभियंता का पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर। | 28/06/2023 को 10:30 पूर्वाह्न से 4:00 बजे तक। 1) कार्यपालक अभियंता का एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। 2) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर। |
| 4 | निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय | 24/06/2023 को 04:00 बजे अपराह्न। | 01/07/2023 को 04:00 बजे अपराह्न। |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा

PR300558 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## NEWS इन ब्रीफ

### असामोआह ग्यान ने पेशेवर फुटबॉल से लिया संन्यास

**अकारा।** घाना के स्टार फुटबॉलर असामोआह ग्यान ने 20 साल से अधिक के शीर्ष पेशेवर करियर के बाद फुटबॉल से आधिकारिक सेवानिवृत्ति की घोषणा की है। 2003 और 2019 के बीच घाना के लिए 109 मैच खेलने वाले 38 वर्षीय असामोआह ने अफ्रीकी एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक की वार्षिक आम बैठक के दौरान एक पैनल चर्चा के बाद यह घोषणा की। घाना की राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान ग्यान ने घोषणा की, मैं अपने देश और प्रशंसकों के लिए घोषणा करना चाहता हूं कि मैंने आज फुटबॉल से आधिकारिक रूप से संन्यास ले लिया है।

### दिलीप ट्रॉफी : पहले मैच में सेंट्रल जोन का सामना ईस्ट जोन से

**नई दिल्ली।** बेंगलुरू में 28 जून से शुरू होने वाली दिलीप ट्रॉफी के पहले सेट में सेंटर जोन का सामना ईस्ट जोन से जबकि नॉर्थ क्षेत्र का सामना नार्थ ईस्ट जोन से होगा। सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बीच मैच अलूर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि नॉर्थ जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच मुकाबला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। दो मैच प्रभावी रूप से क्वार्टर फाइनल के रूप में काम करेंगे। पिछले सीजन की दलीप ट्रॉफी विजेता वेस्ट जोन और उपविजेता साउथ जोन को सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश दिया गया है। फाइनल 12 जुलाई से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### सहवाग, प्रज्ञान ओझा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटरों वीरेंद्र सहवाग और प्रज्ञान ओझा ने बुधवार को अपने अनोखे तरीके से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज सहवाग, ने शीर्षासन करते हुए सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा, आप सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं। सहवाग के साथ, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और उनके साथी प्रज्ञान ओझा ने इंस्टाग्राम पर योग करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग का व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। अपनी पोस्ट में, उन्होंने लिखा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं!

### महाराष्ट्र आयरन मैन-तेलुगू टैलंस ने खेला रोमांचक ड्रा

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में चल रहे प्रीमियर हैंडबॉल लीग मैच में महाराष्ट्र आयरनमैन और तेलुगु टैलंस के बीच पहले सीजन का 25वां मैच बराबरी पर समाप्त हुआ। खेल के अंत तक स्कोर 30-30 था। प्रीमियर हैंडबॉल लीग में यह अब तक का केवल दूसरा ड्रा है। प्रीमियर हैंडबॉल लीग की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों महाराष्ट्र आयरन मैन और तेलुगू टैलंस ने एक बेहद आकर्षक मैच में एक-दूसरे का सामना किया।

# झारखंड की दो धाकड़ महिला एथलीट बनेंगी आईपीएस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड पुलिस में कभी कांस्टेबल रहीं अपने दौर की दो धाकड़ महिला एथलीट के सीने पर जल्द ही आईपीएस का बैज लगने वाला है। 19 जून को दिल्ली में यूपीएससी में राज्य सरकार के शीर्ष अधिकारियों के साथ हुई बैठक में झारखंड की राज्य पुलिस सेवा के 24 अफसरों को आईपीएस में प्रमोट करने पर सहमति बन गई है। इनमें दो महिला एथलीट सरोजनी लकड़ा और एमेल्डा एक्का के नाम प्रोन्नति पाने वाले अफसरों की वरीयता सूची में सबसे ऊपर है। स्पोर्ट्स कोटे से दोनों वर्ष 1986 में राज्य पुलिस में कांस्टेबल के तौर पर नियुक्त हुई थीं। स्पोर्ट्स ग्राउंड से पुलिस सर्विस में आने के बाद खुद को निखारने और उच्च शिक्षा हासिल करने वाली इन दोनों एथलीट ने डिपार्टमेंट, राज्य और देश को गर्व के कई मौके दिए। सरोजनी लकड़ा राज्य के लातेहार जिला अंतर्गत गारू प्रखंड के रामसेली गांव से आती हैं। बचपन से खेल के मैदान से नाता रहा। महुआडांड स्थित संत टेरेसा स्कूल के एथलेटिक्स सेंटर की छात्रा रहीं सरोजनी का ट्रैक एंड फील्ड का सफर 1984 में शुरू हुआ था। उन्होंने इस साल दिल्ली में आयोजित एसजीएफआई गेम्स में जीवन का पहला पदक जैवलिन थ्रो में जीता। ऑलराउंडर एथलीट के तौर पर उन्होंने 100 मीटर हर्डल, 100 एवं 400 मीटर रिले, हाई जंप, लांग जंप, हेप्थाटलन में राज्य और देश के स्तर पर दर्जनों पदक जीते। उन्होंने वर्ष 1994 तक इंडिया पुलिस गेम्स में भाग लिया। इसी बीच तत्कालीन बिहार सरकार ने उन्हें वर्ष 1986 में कांस्टेबल के तौर पर नौकरी दी थी। इस बीच स्पोर्ट्स, नौकरी के साथ-साथ उनका शिक्षा का सफर जारी रहा। उन्होंने वर्ष 2018 में जर्मनी से ओलंपिक स्टडी में एमए की पढ़ाई पूरी की। इसी तरह महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चैनपुर की एमेल्डा एक्का ने भी नेशनल गेम में एकीकृत बिहार का प्रतिनिधित्व किया और 100, 200 व 400 मीटर तथा रिले रेस में राज्य स्तर पर कई रिकॉर्ड भी बनाए थे। एथलीट के तौर पर एमेल्डा ने जब सफर शुरू किया था, जब उनके पांवों में जूते तक नहीं होते थे। 1991 में दोनों एक साथ इंस्पेक्टर बनीं। वर्ष 2008 में इन दोनों की प्रोन्नति डीएसपी के पद पर हुई और वर्ष 2019 में इन्हें एएसपी बनाया गया।

# बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज के लिए विनेश फोगट को मिली मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



डबल वर्ल्ड चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगट, जो बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 38 दिनों तक चले विरोध का चेहरा थीं, के अगले महीने बुडापेस्ट में पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना है। बुडापेस्ट इवेंट कुश्ती की वर्ष की चौथी और अंतिम रैंकिंग श्रृंखला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खेल को चलाने वाली एड हॉक कमेटी और सरकार के अधिकारियों के बीच मंगलवार को हुई बैठक में उनके नाम को मंजूरी दी गई। विनेश ने टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया और रियो खेलों की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक के साथ कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था।

## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास

# बांग्लादेश को 31 रन से हराकर जीती चैंपियनशिप

**एजेंसी। मांगकॉक (हांगकांग)**




श्रेयंका पाटिल और मन्नत कश्यप की फिरकी के जादू से भारत ने बुधवार को यहां बांग्लादेश को फाइनल में 31 रन से हराकर महिला एमर्जिंग एशिया कप टी20 खिताब जीत लिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 127 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया और फिर श्रेयंका (13 रन पर चार विकेट) और मन्नत (20 रन पर तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत बांग्लादेश को 19.2 ओवर में 96 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर कनिका आहुजा ने भी 23 रन देकर दो विकेट चटकाए।

श्रेयंका, मन्नत और कनिका की स्पिन तिकड़ी ने मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर बांग्लादेश की बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। नाहिदा अख्तर ने बांग्लादेश की ओर से सर्वाधिक नाबाद 17 रन बनाए जबकि शोभना मोस्तरी ने 16 रन की पारी खेली। इससे पहले दिनेश वृंदा 29 गेंद में 36 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि कनिका ने 23 गेंद में नाबाद 30 रन बनाए।

बांग्लादेश की गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। वृंदा और कनिका के अलावा भारत की ओर से विकेटकपर यू छेत्री (22) और कप्तान श्वेता सहरावत (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाईं। बांग्लादेश की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा ने 13 रन देकर दो जबकि ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद फाइनल में जगह बनाई थी। भारत ने फाइनल से पहले सिर्फ एक मैच मेजबान हांगकांग के खिलाफ खेला। टीम का यह टूर्नामेंट में पहला मैच था जो उसने नौ विकेट से जीता। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल सहित भारत के तीन मैच एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गए। बारिश के कारण टूर्नामेंट में आठ मैच नहीं खेले जा सके।

# वनडे विश्व कप : खेलने से डर गया पाक

## अब आईसीसी ने भी दे दिया बड़ा झटका



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अक्टूबर महीने से शुरू होने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप से पहले पाकिस्तानी खेमा नाखुश नजर आ रहा है। कारण यह है कि वो भारत में दो बड़े मैदानों पर खेलने से कतरा रहा है। वह बेंगलुरू में ऑस्ट्रेलिया और चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने से टल रहा है। पाकिस्तान चाहता है कि बेंगलुरू में उनका सामना अफगानिस्तान से होना चाहिए व चेन्नई में कंगारू टीम से ताकि उनका पलड़ा भारी हो सके। इसके लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मैदान बदलने के लिए अनुरोध किया था, लेकिन अब आईसीसी ने उनकी मांग को खारिज कर बड़ा झटका दे दिया है। चेन्नई में अफगान स्पिनर कमाल दिखाते हैं। पाकिस्तान यहां राशिद खान का सामना करने से कतरा रहे हैं, क्योंकि यह पिच स्पिनरों के लिए बहुत मददगार साबित होती है। तो वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय परिस्थितियों में स्पिन के खिलाफ संघर्ष किया है, ऐसे में अगर पाकिस्तान चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तो उसे फायदा मिलता। वहीं बेंगलुरू में अफगानिस्तान के बल्लेबाज उतने रन नहीं बरसा सकते जितने कि पाकिस्तान ने बरसाने थे। बेंगलुरू में रनों की बारिश होती है, लेकिन अदला-बदली करने की पाकिस्तान की मांग पूरी नहीं हो पाई।

हालांकि, वे दो ही मैच नहीं हैं जिनके लिए पाकिस्तान स्थल में बदलाव चाहता है। अहमदाबाद में भारत बनाम पाकिस्तान, कोलकाता में पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश और पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड भी चिंता के बिंदु हैं।

**विश्व कप 2023 पाकिस्तान के मैच**

- **6 अक्टूबर :** पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर हैदराबाद में
- **12 अक्टूबर :** पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर हैदराबाद में
- **15 अक्टूबर :** अहमदाबाद में पाकिस्तान बनाम भारत
- **20 अक्टूबर :** पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया बेंगलुरु में
- **23 अक्टूबर :** पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान, चेन्नई में
- **27 अक्टूबर :** पाकिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, चेन्नई में
- **31 अक्टूबर :** पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश कोलकाता में
- **5 नवंबर :** पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु में
- **12 नवंबर :** पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड कोलकाता में

# प्रणय-कश्यप ताइपे ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**एजेंसी। ताइपे**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यू सिएन को इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूनार्मेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21-11 21-10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची टिंग और टॉमी सुगियार्तो के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21-15 21-16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। वह प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सू ली यैंग से भिड़ेंगे। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन को हालांकि जापान के छठे वरीय केंटा सुनयामा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

# रोनाल्डो ने 200वें मैच में गोल दागकर टीम को दिलाई जीत

**एजेंसी। बर्लिन**



क्रिस्टियानो रोनाल्डो 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने और इस उपलब्धि का जश्न उन्होंने 89वें मिनट में गोल दागकर मनाया जिससे पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफायर में आइसलैंड को 1-0 से हराया। पदार्पण के लगभग 20 साल बाद पुर्तगाल के लिए 200वें मुकाबले की शुरूआत से पहले गिनीज विश्व रिकॉर्ड्स ने 38 साल के रोनाल्डो को सम्मानित किया। रोनाल्डो के मंगलवार को दागे गोल की बदौलत पुर्तगाल ने ग्रुप जे में चार मैच में चौथी जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया। एर्लिंग हैलेंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने साइप्रस को 3-1 से हराया जबकि रोमेलु लुकाकु के दो गोल की बदौलत बेल्जियम ने एस्टोनिया को 3-0 से शिकस्त दी। पोलैंड को हालांकि दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद मालदोवा के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यूरो 2024 के मेजबान जर्मनी को भी मैत्री मैच में कोलंबिया के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप जे में रोनाल्डो ने पुर्तगाल की ओर से अपना 123वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। उन्होंने गोंजालो इनासियो के हेडर से मिली गेंद को गोल में पहुंचाया। ग्रुप के अन्य मैचों में लग्जमबर्ग ने बोस्निया एवं हजेगोविना को 2-0 से हराया जबकि स्लोवाकिया ने लिचटेनस्टीन को 1-0 से शिकस्त दी। ग्रुप ए में नॉर्वे की जीत के बावजूद स्कॉटलैंड ने जॉर्जिया को 2-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी है।

# मैसी 21 जुलाई को इंटर मियामी में पदार्पण करेंगे

**एजेंसी। मियामी**



यूएस मेजर लीग क्लब के सह-मालिक जॉर्ज मास ने कहा कि लियोनल मैसी 21 जुलाई को मेक्सिको के क्रूज अजुल के खिलाफ लीग कप मैच में इंटर मियामी के लिए पदार्पण करेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा मैसी की घोषणा कि वह फ्लोरिडा टीम में शामिल होने के लिए पेरिस सेंट-जर्मेन छोड़ रहे हैं, के दो सप्ताह बाद आयी है, जिसका आंशिक रूप से मालिकाना हक इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम के पास भी है। 35 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच फोर्ट लॉडरडेल के डीआरवी पीएनके स्टेडियम में खेला जाएगा, जो अपनी क्षमता बढ़ाने और सुरक्षा में सुधार के लिए पुनर्विकास कार्य के दौर से गुजर रहा है। व्यापक मीडिया रिपोर्टें के अनुसार, मैसी एक और सीजन के लिए विस्तार करने के विकल्प के साथ ढाई साल के सौदे के लिए सहमत हो गए हैं। वह कथित तौर पर प्रति वर्ष 50 से 60 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाएंगे। मास ने मियामी हेराल्ड से कहा, रोस्टर नियमों में बिल्कुल कोई बदलाव नहीं। इंटर मियामी की टीम में लियोनल मैसी को शामिल करने के लिए कोई भी श्रेणी या कुछ भी नहीं बदला जा रहा है।

## घोषणा : महिला एशेज में इंग्लैंड की तरफ से पदार्पण करेंगी लॉरेन फाइलर

# डैनी व्याट को मिली पहली टेस्ट कैप

**एजेंसी। लंदन**



युवा तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर अपना सीनियर पदार्पण करने के लिए तैयार हैं क्योंकि इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में गुरुवार से शुरू होने वाले महिला एशेज टेस्ट मैच के लिए अपनी शुरूआती एकादश की घोषणा की है। 22 वर्षीय दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने इस गर्मी में चार रेचेल हीहो फ्लिंट ट्रॉफी मैचों में आठ और चार्लोट एडवर्डस कप में पांच विकेट लिए हैं। डेनिएल व्याट, जिन्होंने इंग्लैंड के लिए 245 व्हाइट-बॉल मैच खेले हैं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट कैप अर्जित करेंगी। फाइलर इंग्लैंड के सीम अटैक को बनाने के लिए केट क्रॉस और लॉरेन बेल के साथ जुड़ेंगी। बाएं हाथ की स्पिनर, सोफी एक्लेस्टोन, टीम को एक स्पिन विकल्प प्रदान करती हैं, जबकि ऑलराउंडर नेट साइवर-ब्रंट टीम में अतिरिक्त गति आयाम जोड़ती हैं। ऑलराउंडर डेनिएल गिब्सन और तेज गेंदबाज इस्सी वोंग को टीम से बाहर कर दिया गया है, जबकि एलिस कैप्सी और एलिस डेविडसन-रिचर्डस को टेस्ट टीम से सोमवार को रिलीज किया गया था, जो सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लोफबोरो में अपने पहले टी20 में इंग्लैंड ए के लिए खेलेंगे।

हीथर नाइट की अगुआई वाली टीम 22 से 26 जून तक नॉटिंघम में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट में हिस्सा लेगी। इंग्लैंड की धरती पर इंग्लैंड की महिलाओं के लिए यह पहला पांच दिवसीय टेस्ट होगा। टेस्ट मैच बहु-प्रारूप श्रृंखला की शुरूआत को चिह्नित करता है, क्योंकि इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया से एशेज को पुनः प्राप्त करना चाहता है। टेस्ट मैच के विजेता चार अंक अर्जित करते हैं, ड्रॉ की स्थिति में टीमों को दो-दो अंक मिलते हैं, जबकि तीन टी-20 में और उसके बाद होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत के लिए दो अंक दिए जाते हैं।

### द.अफ्रीका महिला टीम सितंबर-अक्टूबर में सफेद - बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी

**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने घोषणा की है कि दक्षिण अफ्रीका महिला टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जो 24 सितंबर से 15 अक्टूबर, 2023 तक पांच शहरों में खेले जाएंगे। वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2025 में भारत में होने वाले अगले 50 ओवर के विश्व कप से पहले आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 की योग्यता यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दौरे की शुरूआत करने के लिए, न्यूजीलैंड एकादश 21 सितंबर को विलोमूर पार्क में 50 ओवर के वार्म-अप मैच में दक्षिण अफ्रीका एकादश से भिड़ेगी क्योंकि मेहमान दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों से अभ्यस्त हो जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रमशः 24 सितंबर, 28 और 1 अक्टूबर को पोचेफस्ट्रूम, पीटरमैरिट्जबर्ग और डरबन में एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ आमने-सामने होगा।